
UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-133 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शनिवार 25 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

## योगी ही होंगे बीजेपी के सेनापति! जाति की पिच पर बुलडोज़र बाबा को घेर पाएंगे अखिलेश?

### यूपी की सियासत में शुरू हुआ 'सबसे बड़ा' खेल



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में पिछले कुछ समय से चल रहे कयासों के दौर पर अब पूरी तरह विराम लग गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्पष्ट कर दिया है कि 2027 का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा।

यह घोषणा उस समय आई है जब दिल्ली से लेकर लखनऊ तक नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं गर्म थीं। बीजेपी ने साफ कर दिया है कि जिस चेहरे ने उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाया और राज्य में एक सशक्त कानून-व्यवस्था (Law and Order) स्थापित की, वही 2027 में पार्टी का सेनापति होगा। इस बड़े ऐलान ने न सिर्फ बीजेपी के भीतर के संशय को खत्म किया है, बल्कि विपक्ष के लिए भी नई घेराबंदी की चुनौती खड़ी कर दी है।

**अखिलेश की राह आसान या बढ़ेगी मुसीबत?**

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि योगी आदित्यनाथ का चेहरा आगे करना अखिलेश यादव के लिए फायदे का सौदा होगा या मुसीबत? दरअसल, सपा खेमे का मानना है कि अगर योगी चेहरा रहते हैं, तो वे चुनाव को 'अगड़ा बनाम पिछड़ा' की पिच पर आसानी से ले जा सकते हैं। अखिलेश यादव अब समाजवाद से ज्यादा PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की बात कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि सामने एक क्षत्रिय मुख्यमंत्री होने पर वे खुद को पूरे ओबीसी समाज के सबसे बड़े नेता के रूप में पेश कर पाएंगे। हालांकि, बीजेपी की रणनीति इस जातीय गोलबंदी को हिंदुत्व और विकास के एजेंडे से काटने की है।

**जाति बनाम छवि: कौन जीतेगा यूपी का मन?**

विपक्ष लगातार मुख्यमंत्री को उनके पुराने नाम 'अजय सिंह बिष्ट' और ठाकुरवाद के नाम पर घेरने की कोशिश कर रहा है ताकि पिछड़ों और दलितों को एकजुट किया जा सके। लेकिन योगी आदित्यनाथ की ताकत उनकी 'भगवाधारी' छवि, बेदाग राजनीतिक जीवन और अपराध के खिलाफ उनकी 'जीरो टॉलरेंस' नीति है। बीजेपी का मानना है कि एक्सप्रेस-वे का जाल और सुधरी हुई सुरक्षा व्यवस्था जाति के बंधनों को तोड़ देगी। खासकर पश्चिम यूपी में जहां कानून-व्यवस्था बड़ा मुद्दा है, वहां योगी का पलड़ा भारी दिख रहा है। हालांकि, पूर्वांचल और अवध के बेल्ट में ओबीसी और दलित वोटरों को वापस लाना बीजेपी के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में उनसे छिटक गए थे।

**नाराज ब्राह्मण और जातीय समीकरण साधने की चुनौती**

बीजेपी के सामने एक और बड़ी चुनौती ब्राह्मणों की कथित नाराजगी को दूर करना है। हाल के महीनों में ब्राह्मणों की अलग बैठकों ने पार्टी के भीतर चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन अब नेतृत्व पर सस्पेंस खत्म होने के बाद, बीजेपी जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बड़े बदलाव करने जा रही है। माना जा रहा है कि इसके जरिए उन सभी जातियों और तबकों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा जो खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उधर, अखिलेश यादव भी अपनी पार्टी में गैर-यादव ओबीसी चेहरों को तरजीह देकर बीजेपी के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव अच्छी तरह जानते हैं कि वे 'हिंदुत्व' की पिच पर योगी आदित्यनाथ का मुकाबला नहीं कर सकते। इसलिए उनकी पूरी कोशिश योगी को जाति की पिच पर खींचकर लाने की है। वहीं, योगी आदित्यनाथ अपनी यूएसपी (USP) यानी विकास, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। 2027 की यह जंग केवल सत्ता की नहीं, बल्कि दो विचारधाराओं और दो अलग-अलग रणनीतियों के बीच का महासंग्राम होने वाली है। बीजेपी जहां अपने सबसे कद्दावर चेहरे पर दांव लगा चुकी है, वहीं अखिलेश यादव अपने PDA फॉर्मूले के जरिए सत्ता वापसी का ख्वाब देख रहे हैं।

## योगी सरकार का बड़ा कदम : प्रदेश को जल्द मिलेंगे पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियम

### गाजीपुर, चंदौली, हापुड़, सम्भल और शामली में जारी है स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को जल्द ही पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियम मिलने जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों को अपने ही जिलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सरकार खेल विभाग के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार विशेष जोर दे रही है। प्रदेश के 71 जिलों में इस समय 84 स्पोर्ट्स स्टेडियम संचालित हो रहे हैं, जबकि पांच नए स्टेडियम निर्माणाधीन हैं। इसमें गाजीपुर में नवीन स्टेडियम का निर्माण (द्वितीय), चंदौली में स्पोर्ट्स स्टेडियम, हापुड़ में स्पोर्ट्स स्टेडियम, संभल में स्पोर्ट्स स्टेडियम, और शामली में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। इससे क्षेत्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सकेगा।

वहीं निर्माण कार्य की प्रगति की बात करें तो गाजीपुर में नया स्टेडियम लगभग 99.9 फीसदी पूरा हो चुका है। हालांकि जिलाधिकारी द्वारा बताई गई कुछ कमियों का निस्तारण अभी शेष है। हापुड़ में स्टेडियम का निर्माण करीब 70 फीसदी पूरा हो चुका है। संभल में यह कार्य 26 फीसदी और शामली में कार्य शुरू हो चुका है। चंदौली में स्टेडियम निर्माण के लिए फिलहाल टेंडर प्रक्रिया जारी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने और हैंडओवर के बाद ही इनका लोकार्पण किया जाएगा। गाजीपुर को छोड़कर बाकी चार जनपदों में स्टेडियम निर्माण को वर्ष 2025-26 में स्वीकृति मिली है। यह परियोजनाएं प्रदेश में खेल अवसंरचना को नई दिशा देने का काम करेंगी। योगी सरकार का फोकस सिर्फ स्टेडियम निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने पर भी है। खेल विभाग द्वारा स्टेडियम के साथ-साथ बहुउद्देशीय सभागार, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन और टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, जिम, हॉकी और फुटबॉल मैदान, एथलेटिक्स ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जा रहीं हैं। सरकार का मानना है कि बेहतर संसाधन और सुविधाएं मिलने से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश के खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। यूपी के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दी जा रहीं हैं। साथ ही प्रदेश में खेल अवसंरचना को सशक्त बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियमों का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इन स्टेडियमों के तैयार होने से खिलाड़ियों को अपने ही जनपद में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त होगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## सुर्खियां............

### ननद भौजाई को घर से खींचकर अपने घर लाकर की मारपीट

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर स्थित रामतलैया इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ लोगों ने ननद-भौजाई को उनके घर से बाहर खींचकर अर्द्धनग्न कर दिया और फिर दोनों को अपने घर लाकर अंदर बंद कर उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को घर से निकालकर कोतवाली ले आयी। उक्त पूरा मामला बीती रात एक युवती को भगा कर ले जाने से जुड़ा हुआ है।जानकारी के अनुसार रामतलैया में रहने वाली एक युवती की शादी 28 अप्रैल को होनी थी।

### रामस्वरूप रावत इंटर कालेज के छात्र छात्राओ ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**कोंच** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सत्र 2025-26 बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, इसमें नगर के पं. रामस्वरूप रावत मेमोरियल इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जहां विद्यालय का गौरव बढ़ाया वहीं अपनी मेधावी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।होनहार सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित भी किया गया।

### कृषि आदान व्यापारियों की परेशानी को लेकर 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का आवाहन किया

**जालौन-उरई।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने कृषि आदान व्यापारियों की परेशानी को लेकर 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का आवाहन किया है। एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कृषि संबंधी व्यापार करने वाले व्यापारी इस समय परेशान चल रहे हैं।

## योगी आदित्यनाथ का चुनावी मैदान में दिखा दम, बिहार के बाद बंगाल में छाए: अखिलेश यादव सोशल मीडिया तक सिमटें, समझें- किस बात है उन्हें डर, जो ममता से बनाई दूरी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** सीएम योगी बंगाल में डिमांड पर रैलियाँ कर रहे हैं। लेकिन अखिलेश वंशवादी डर के मारे बंगाल नहीं जा रहे क्योंकि बिहार की हार अभी उनके जेहन में है। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जिन्हें लोग प्यार से बाबा योगी आदित्यनाथ बोलते हैं, उनकी देश भर में आँधी चल रही है। वो बिहार से लेकर असम और पश्चिम बंगाल तक डटे हुए हैं, तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव डर के मारे बंगाल की मिट्टी पर पैर रखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।




दरअसल, बिहार 2025 में योगी ने मात्र दस दिनों में 31 धुआँधार रैलियाँ कीं। समस्तीपुर, मोहिउद्दीननगर, सीवान, वैशाली, भोजपुर, दानापुर, सहरसा, दरभंगा, बगहा, बेला समेत दर्जनों जिलों में लाखों हिंदू वोटरों को एकजुट किया। बुलडोजर हिंदुत्व, सख्त कानून-व्यवस्था और विकास का जादू चला। इसका नतीजा ये हुआ कि एनडीए को 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में 200 से ज्यादा सीटें मिलीं। ऐतिहासिक दो-तिहाई बहुमत और 87 प्रतिशत का स्ट्राइक रेट। योगी आदित्यनाथ ने जिन 43 उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, उसमें से 27 उम्मीदवार जीत गए। वहीं, अखिलेश यादव का पीडीए फॉर्मूला पिछड़ा-दलित-मुस्लिम बुरी तरह फ्लॉप हो गया। पूरा महागठबंधन महज 40 सीटों के आसपास सिमट गया। लेकिन अखिलेश को यह हार अभी तक हजम नहीं हुई। बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 पूरे जोरों पर हैं। बाबा योगी वहां भी रैलियों का तूफान ला रहे हैं। हर जगह उनकी डिमांड है। हिंदू वोट एक हो रहा है। टीएमसी की सत्ता हिल रही है। और अखिलेश यादव? वो लखनऊ के एयर-कंडीशंड कमरे में बैठे सिर्फ ट्विटर पर बयानबाजी कर रहे हैं। वो जुलाई 2024 में धरमतला रैली में ममता बनर्जी के साथ सिर्फ चेहरा दिखाने के बाद एक बार भी बंगाल की मिट्टी पर नहीं उतरे हैं। 27 जनवरी 2026 को पत्नी के साथ 'व्यक्तिगत यात्रा' का बहाना बनाकर कोलकाता पहुंचे। नबन्ना में ममता से मुलाकात भी की, लेकिन कोई रैली नहीं की। कोई कैंपेनिंग नहीं की, सड़क पर कोई लड़ाई नहीं और न किसी जनसभा में दिखे। दरअसल, अखिलेश यादव के डर का असली कारण बिहार की वो सुनामी है। नवंबर 2025 में बाबा ने 30 से ज्यादा रैलियों में हिंदू वोट को एकजुट कर दिया था। उनकी आँधी में यादव-मुस्लिम गठजोड़ का जादू बिहार में टूट गया। अब वही लहर बंगाल पहुँच रही है। बाबा की आँधी यहाँ भी चली तो अखिलेश का वंशवादी साम्राज्य हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। अखिलेश को बस इसी बात का डर है। यही वजह है कि सपा मुखिया मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। दरअसल, अखिलेश यादव को अब उनके अपने गठबंधन वाले भी नहीं पूछ रहे। बिहार में रैली की थी तो क्या हुआ? वहाँ भी पीडीए फ्लॉप हो चुका है। अब बंगाल में महुआ मोइत्रा जैसे ट्वीट को रीट्वीट करके अपना अहंकार सहला रहे हैं। इसमें टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला, जिसे अखिलेश यादव ने तुरंत रीट्वीट कर दिया। जैसे कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो। जबकि असलियत यह है कि अखिलेश खुद मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं रखते। डरपोक वंशवादी सिर्फ ट्विटर पर बहादुरी दिखाते हैं। असली नेता तो मैदान में लड़ेगा। बाबा लड़ रहे हैं और अखिलेश भाग रहे हैं। अखिलेश जानते हैं कि अगर बाबा की सुनामी आई तो यादव-मुस्लिम गठजोड़ का अंत निश्चित है। इसलिए लखनऊ में छिपे बैठे हैं। पत्नी के साथ व्यक्तिगत यात्रा का ढोंग रच रहे हैं। अखिलेश यादव जानते हैं बिहार में हार गए, बंगाल में भी हारने वाले हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश में भी यही तस्वीर दोहराएगी। वंशवादियों को लखनऊ से निकलने की हिम्मत नहीं रहेगी। कैंपेन स्लोगन अब हकीकत बन चुके हैं। अखिलेश यादव डर के मारे बंगाल नहीं जा रहे... क्योंकि बिहार में बाबा की बढ़ती लोकप्रियता ने अखिलेश को दहला दिया। योगी का जादू बिहार जीत गया, तो अब बंगाल में भी वंशवादियों का दिल डर रहा है। बंगाल में हिंदुओं की एकजुटता देख अखिलेश यादव के होश उड़े हुए हैं। ऐसे में अगले ही साल यानी 2027 में सत्ता जाने के डर ने उन्हें लखनऊ में ही कैद कर लिया है। जो नेता डर से मैदान छोड़ दे, वह कभी नेता नहीं बन सकता। अखिलेश ने बंगाल से दूरी बना ली है।

## अपनों ने छोड़ा, सरकार ने जोड़ा : योगी सरकार का 'बुजुर्गों को सम्मान' मिशन

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के बुजुर्गों को न केवल आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि उन्हें एक गरिमामयी जीवन का अहसास भी करा रही है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संचालित वृद्धाश्रम उन बेघर और निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आशा की किरण' बन गए हैं, जिन्हें अपनों ने दरकिनार कर दिया था। वर्तमान में इन सरकारी आश्रय स्थलों में 6,055 बुजुर्गों को भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं।




### सुरक्षित छत और मानसिक शांति का संगम

सरकारी प्रयासों से उन बुजुर्गों को नया जीवन मिला है जो पहले रेलवे स्टेशनों या सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर थे। आश्रमों में अब मनोरंजन के लिए टीवी, योग की कक्षाएं और भजन-कीर्तन जैसे सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे वे मानसिक रूप से प्रसन्न और सक्रिय रहते हैं। बरेली (134), लखनऊ (128) और मुरादाबाद (127) जैसे जिलों में इन आश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की संख्या सर्वाधिक है, जो सरकार की व्यवस्था के प्रति उनके विश्वास को दर्शाती है।

### पौष्टिक आहार से लेकर सेहत का पहरा

वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के लिए सरकार ने विशेष डाइट चार्ट तैयार किया है, जिसमें सुबह के नाश्ते से लेकर रात्रि भोज तक हर दिन अलग-अलग और पौष्टिक व्यंजनों की व्यवस्था है। नाश्ते में दलिया, पोहा और पूड़ी तो भोजन में राजमा, कढ़ी और मौसमी सब्जियों के साथ सलाद और खीर दी जाती है। सरकार का ध्यान सिर्फ पेट भरने पर नहीं, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी है। नियमित हेल्थ चेकअप, मुफ्त दवाएं और आयुष्मान

### वृद्धाश्रमों में 6000 से ज्यादा को मिला नया जीवन

कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा ने इन बुजुर्गों की जीवन प्रत्याशा और उत्साह को बढ़ाया है।

### पेंशन और सशक्तिकरण का 'डबल डोज'

व्यवस्था को पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण और समीक्षा की जाती है। आश्रम की सुविधाओं के अतिरिक्त, प्रदेश सरकार बुजुर्गों को सीधे तौर पर सशक्त बनाने के लिए प्रतिमाह 1,000 रुपये की वृद्धावस्था पेंशन भी प्रदान कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जहां भी अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता है, वहां सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि अंतिम पायदान पर खड़े बुजुर्ग को भी सम्मानजनक जीवन मिल सके।

## 7 महीने प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा- यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो।



AI जनरेटेड

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती। याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा गया कि इस प्रेग्नेंसी ने नाबालिग को गंभीर मानसिक तनाव दिया है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। कोर्ट को बताया गया कि नाबालिग में पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव के संकेत दिख रहे हैं। वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है, जिससे लड़की और उसके परिवार की पहचान सुरक्षित रहे। उन्होंने नाबालिग को आर्थिक मदद की पेशकश भी की। हालांकि जस्टिस नागरत्ना ने इस तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट महिलाओं को अबॉर्शन के बजाय उनके लिए आर्थिक मदद या गोद लेने जैसे विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा, किसी महिला, खासकर नाबालिग, को इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी पूरा करने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। इसलिए उसकी इच्छा का सम्मान करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि प्रजनन संबंधी फैसले लेने का अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा का हिस्सा है। इसलिए गोद देने का विकल्प किसी महिला को जबरन बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करने का आधार नहीं बन सकता। कोर्ट ने कहा कि अगर अदालतें अनचाही गर्भावस्था को जारी रखने पर जोर देंगी, तो महिलाएं अवैध अबॉर्शन सेंटर्स का सहारा लेने या छिपकर गर्भपात कराने को मजबूर हो सकती हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बढ़ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में संवैधानिक अदालतों को यह देखना चाहिए कि गर्भवती महिला के हित में क्या बेहतर है, खासकर तब जब गर्भ स्पष्ट रूप से अनचाहा हो। अंत में कोर्ट ने नाबालिग का एम्स दिल्ली में सभी जरूरी मेडिकल सावधानियों के साथ अबॉर्शन कराने का निर्देश दिया।

# ननद भौजाई को घर से खींचकर अपने घर लाकर की मारपीट

**-महिलाओ ने कपडे फाड़कर अर्द्ध नग्न करने का लगाया आरोप**

**-सीओ बोले कि अभी कपड़े फाड़ने की पुष्टि नही हुई है, यदि जांच में पाया गया तो बढ़ेंगी धाराएं**

**-फिलहाल शांतिभंग में हुआ दोनो पक्षों का चालान**

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर स्थित रामतलैया इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ लोगों ने ननद–भौजाई को उनके घर से बाहर खींचकर अर्द्धनग्न कर दिया और फिर दोनों को अपने घर लाकर अंदर बंद कर उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को घर से निकालकर कोतवाली ले आयी। उक्त पूरा मामला बीती रात एक युवती को भगा कर ले जाने से जुड़ा हुआ है।जानकारी के अनुसार रामतलैया में रहने वाली एक युवती की शादी 28 अप्रैल को होनी थी।शादी से ठीक पहले बीती गुरुवार की रात पड़ोस का ही एक युवक उक्त युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। शुक्रवार की सुबह युवती के परिजन उस युवक के घर पर जा पहुंचे और युवक की 40 वर्षीय माँ एवं अपने मायके आयी युवक की 30 वर्षीय बुआ को पकड़ कर अर्द्धनग्न कर दिया।इतना ही नहीं उक्त लोगों ने दोनों महिलाओं को उनके घर से बाहर खींच लिया और फिर अर्द्धनग्न हालत में ही रास्ते से होकर अपने घर पर ले आए जहां दोनों को बंद कर दिया। युवती के परिजनों ने दोनों महिलाओं के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। वहीं युवक के परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह की अगुवाई में पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को घर के अंदर से सुरक्षित बाहर निकालकर कोतवाली ले आयी।

## क्या कहा कोतवाल ने

इस घटना के संबंध मे कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह से जानकारी हासिल की तो उन्होने अर्द्धनग्न बाली बात को सिरे से खारिज कर कहा कि युवती को भगकर ले जाने के मामले में दोनो पक्षो में मारपीट हुई है।युवती को भगाकर ले जाने का मामला दर्ज कर मारपीट के मामले में दोनो पक्षो पर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है।

## सीओ की सुन ले

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि प्रथम दृष्टया निर्वस्त्र करने का मामला सामने नही आया है।युवती की शादी के कुछ दिन पहले भगा ले जाने की घटना पर आक्रोशित परिजनो युवक के परिजनो के साथ मारपीट कर उन्हे घर में बैठा दिया था।पुलिस ने दोनो पक्षो के खिलाफ शान्तिभंग की कार्रवाई की है।पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।यदि जांच में निर्वस्त्र करने की पुष्टि होती है तो आरोपियो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगे

( यंग भारत न्यूज )




- हैदराबाद में शुरू हुई एनयूजेआई राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठकें
- तेलंगाना श्रम विभाग मंत्री गड्डम विवेक वेंकटस्वामी
- 26 राज्यों से पहुंचे मीडिया प्रतिनिधि

**हैदराबाद, 23 अप्रैल :** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन तेलंगाना स्टेट जर्नलिस्ट यूनियन (टीएसजेयू) के तत्वावधान में हैदराबाद में भव्य रूप से शुरू हुआ। गुरुवार को शहर के चिक्कडपल्ली स्थित होटल श्री वेदा प्रीमियम में आयोजित इन बैठकों में तेलंगाना राज्य के श्रम एवं खान विभाग के मंत्री डॉ. गड्डम विवेक वेंकटस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मंत्री विवेक ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा में मीडिया 'चौथा स्तंभ' के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देशभर के पत्रकार कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं और इन समस्याओं पर चर्चा के लिए इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की बैठक का आयोजन एक शुभ संकेत है।उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए मीडिया प्रतिनिधि पत्रकारों की समस्याओं पर दो दिनों तक विस्तृत चर्चा करेंगे।इस बैठक में आमंत्रित किए जाने पर मंत्री ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा कि योग्य पत्रकारों को जल्द ही तेलंगाना सरकार की ओर से एक्रिडिटेशन कार्ड जारी किए जाएंगे। साथ ही भविष्य में पत्रकारों के लिए और अधिक कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके कल्याण के लिए कांग्रेस सरकार विशेष कदम उठा रही है।

इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष हनुमान्ला झांसी रेड्डी, एनयूजे (आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण,राजीव शुक्ला पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मलिक, राष्ट्रीय महिला विंगेनयूजेआई श्रीमती आभा निगम विचित्राशर्मा एयूजेआई स्कूल की कोषाध्यक्ष,टीएसजेयू के राज्य अध्यक्ष एवं महासचिव पुरुषोत्तम नारगौनी और तोकला अनिल कुमार, स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के चेयरमैन नागेश्वर राव, एनयूजे (आई) के सचिव मेरुगु चंद्रमोहन, राजू पटेल, अरुण कुमार, उत्तर प्रदेश से अनिल शर्मा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मारु बल्देव शर्मा झार खंड, हरियाणा के प्रदेश महासचिव इंद्रेश दीपक चंडीगढ़,,पावुशेट्टी श्रीनिवास, कंदिकोंडा मोहन, चिर्रगोनी उदय दीर, उप्पलांची नरेंद्र, पोचमपल्ली रजिता, नागराजु, श्रीनाथ, अवुनुरी संपत, गद्दू महेश गौड़ सहित 16 प्रदेशों केपदाधिकारियो ने अपने। अपने प्रदेशों की संघटनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव त्रियुगी नारायण तिवारी ने किया जब कि अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने की

# जनगणना- 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

## प्रगणक व पर्यवेक्षकों को दी गई सर्वेक्षण प्रक्रिया और डेटा संकलन की विस्तृत जानकारी



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को जनगणना– 2027 के अंतर्गत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पी.एन. स्कूल कोतवाली के सामने आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, घर–घर सर्वेक्षण की तकनीक तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह जनगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाएं बनाई जाती हैं। इसलिए सभी कार्मिक पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करें, ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें और योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। कार्यक्रम में चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डिप्टी डायरेक्टर जनगणना झांसी मंडल मनोज मौर्य, जिला जनगणना प्रभारी प्रत्युष, जनगणना प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, जनगणना लिपिक हबीब खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य की दिशा में ललितपुर सक्रिय

**-डीएम ने की समीक्षा, सभी सेक्टरों में जीडीपी बढ़ाने के निर्देश**

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के वर्ष 2029–30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर जिले में प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर सेल के अंतर्गत प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों के प्रमुख सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश की जीडीपी में जिले का सराहनीय योगदान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के लोग मेहनती और कार्यकुशल हैं, जो कृषि उत्पादन से लेकर घरेलू उद्योगों तक में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि विभिन्न सेक्टरों में मौजूद संभावनाओं को चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से उनका विकास किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए कि वह एक सप्ताह के भीतर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करें, जिसमें पूर्व के आंकड़ों के आधार पर यह बताया जाए कि किन–किन क्षेत्रों में नई संभावनाएं हैं और किन सेक्टरों को प्राथमिकता देकर जनपद की जीडीपी में तेजी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनपद को प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में चमकते सितारे के रूप में स्थापित करना लक्ष्य होना चाहिए। समीक्षा के दौरान डीएम ने सकल घरेलू उत्पाद को प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों में विभाजित कर विभागवार योगदान का आकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, वे तत्काल सुधार लाएं।

साथ ही विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं में पंजीकरण बढ़ाने पर जोर देते हुए यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और किसी प्रकार का शोषण न हो। उन्होंने अधिकारियों को शासन को सटीक एवं पारदर्शी रिपोर्टिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सही आंकड़े ही वास्तविक प्रगति का आधार होते हैं और इसी के अनुरूप भविष्य की रणनीति तय की जाती है। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला खनन अधिकारी, डीआईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामस्वरूप रावत इंटर कालेज के छात्र छात्राओ ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**-प्रयागराज बोर्ड की हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट की परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चे हुए पास**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सत्र 2025–26 बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, इसमें नगर के पं. रामस्वरूप रावत मेमोरियल इंटर कालेज के छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जहां विद्यालय का गौरव बढ़ाया वहीं अपनी मेधावी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।होनहार सभी छात्र–छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित भी किया गया।

हाईस्कूल परीक्षा में पंजीकृत कुल 53 छात्र–छात्राओं में से 51 प्रथम और 2 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए। इनमें लवी कुशवाहा 83.16, रितेश 82.50, स्नेहा सिंह एवं इशिका पटेल 82.33, ध्रुव 81.50, शिल्पी यादव 81.33, संस्कार शुक्ला 81.16, श्रृष्टि पटेल 80.16, वंदना तिवारी 80, आयुष पटेल 79.83, हर्ष पटेल 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 43 छात्र–छात्राओं में से 41 उत्तीर्ण हुए जिनमें 23 प्रथम श्रेणी एवं 18 द्वितीय श्रेणी रहे। इनमें स्नेहा यादव 78.6, निखिल पटेल 78.4, स्नेहा नायक 78, अंकित कुशवाहा 76.60, आंशिक शिवहरे 76.20, अभिनय शिवहरे एवं प्रियंका पटेल ने 76 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंध समिति से जुड़े अमरेंद्र दुवे, प्रधानाचार्य बृजेंद्र झा, उपप्रधानाचार्य सचिन झा, शिक्षक अमित प्रकाश तिवारी, प्रमेंद्र उपाध्याय, दिनेश पटैरिया, अशोक शर्मा, पुनीत निरंजन, मोहन पाल, रामजी पटेल, मनीषा अग्रवाल, काजल राठौर, साहब सिंह ने इन होनहार सभी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आटा चक्की पर मदद के बहाने बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला, सिर फोड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दैलवारा में एक युवक के साथ मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित उदयचंद ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही तीन लोगों पर उसे बहाने से बुलाकर पीटने और धारदार हथियार से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित उदयचंद ने पुलिस को बताया कि घटना 17 अप्रैल 2026 की रात लगभग 8.30 बजे की है। उदयचंद बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी गांव के ही रामपाल पुत्र फुल्ला ने उसे आवाज दी और कहा कि उसे गल्ले (अनाज) की बोरी आटा चक्की पर रखवाने में मदद चाहिए। उदयचंद जब रामपाल के घर पहुंचा, तो वहां रामपाल के साथ अमित पुत्र रामपाल और हितेश पुत्र आशाराम भी मौजूद थे। उदयचंद का आरोप है कि वहां पहुंचते ही तीनों ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया

# कृषि आदान व्यापारियों की परेशानी को लेकर 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का आवाहन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने कृषि आदान व्यापारियों की परेशानी को लेकर 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का आवाहन किया है।

एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कृषि संबंधी व्यापार करने वाले व्यापारी इस समय परेशान चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को कृषि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर देशव्यापी बंद का आवाहन किया गया है। ताकि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि व्यापारियों की मांग है कि खाद पर टैगिंग बंद हो। रिटेल गोदाम तक माल को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पहुंचाया जाए। डीलर मार्जिन कम से कम आठ प्रतिशत हो। जिन कंपनियों सेंपल फेल हों उन कंपनियों पर कार्रवाई की जाए। बीज का साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित हो। बताया कि जब व्यापारी मजबूत होगा तो किसान भी समृद्ध होगा। उन्होंने जनपद के सभी व्यापारियों से इस देशव्यापी बंद को समर्थन देने की अपील की है।

# राठौर समाज की महिला इकाई द्वारा समाज के सराहनीय कार्य करने बालो को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** राजनीति सहित समाज सेवा के क्षेत्र में आगे रहकर सराहनीय कार्य करने वाले राठौर समाज के लोगो का सम्मान समाज की महिला मंडल द्वारा किया गया।नगर के मुहल्ला पटेल नगर स्थित इं. दिलीप राठौर के आवास पर राठौर महिला मंडल कोंच इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा के नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर उरई, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी गौरव राठौर रूपापुर, राठौर समाज सेवा समिति कोंच के अध्यक्ष राजेश राठौर, राठौर धर्मादा समिति कोंच के अध्यक्ष रोहित राठौर, कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी फूलसिंह राठौर, समाजसेवी अजय राठौर एट, गुड्डन राठौर आदि लोगों का स्वागत सम्मान कर उनकी कार्यकुशलता की सराहना की गई। वहीं स्वागत सम्मान से अभिभूत लोगों ने कहा कि जागरूक रहने से ही समाज की उन्नति संभव है, कोंच इकाई की टीम समाज की भलाई के लिए जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। महिला इकाई की अध्यक्ष शालिनी राठौर ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि समय समय पर महिला ईकाई का सभी महानुभावो द्वारा इसी प्रकार से सहयोग मिलता रहेगा। इस मौके पर अनीता राठौर, किरण राठौर, सेठ शालिनी राठौर, श्वेता राठौर, पूजा राठौर, नीतू राठौर, प्रीति राठौर, सुमन राठौर, रचना राठौर, अर्चना राठौर, शिवानी राठौर,किरन राठौर, राममूर्ति राठौर, नीलू राठौर, अपर्णा राठौर, सरोजिनी राठौर, रेखा राठौर आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अनूप राठौर अंडा, सेठ सौरभ राठौर, पंकज राठौर नईबस्ती, संजीव राठौर, डॉ विकास राठौर, प्रदीप राठौर, संजीव राठौर, बृजेश राठौर आदि लोग लगे रहे।

# हिंदी साहित्य भारती, उत्तर प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक(तरंग माध्यम) संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

हिंदी साहित्य भारती, उत्तर प्रदेश इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आज रात्रि 8:00 बजे तरंग माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के छह प्रांतों में से चार प्रांतों के पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही तथा कुल 28 कार्यकर्ता इस वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक का संयोजन प्रदेश के संयुक्त महामंत्री श्री सुधीर शुक्ला तथा संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री किंजल्क कुमार त्रिवेदी द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। बैठक का प्रारंभ प्रदेश महामंत्री डॉ. अमरनाथ दुबे ने संगठन के उद्देश्यों एवं हिंदी साहित्य भारती के मूल लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए किया।

बैठक का प्रमुख विषय आगामी 16, 17 एवं 18 मई 2026 को शिरडी में आयोजित हिंदी साहित्य भारती (वैश्विक) की अंतर्राष्ट्रीय बैठक में उत्तर प्रदेश से दायित्वधारी कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इसके अतिरिक्त वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले अनिवार्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा प्रत्येक जिले में संगठन के सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। ब्रज प्रांत के अध्यक्ष डॉ. अनूप शर्मा ने प्रदेश एवं प्रांत पदाधिकारियों से जिलों में प्रवास कर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। वहीं महामंत्री श्री



सतीश समर्थ ने संगठन में गतिशीलता बनाए रखने हेतु प्रत्येक माह अथवा न्यूनतम पंद्रह दिन के अंतराल पर नियमित वर्चुअल बैठकों के आयोजन का सुझाव दिया। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री अरुण कुमार शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं के मध्य निरंतर संवाद, मेल–मिलाप एवं कार्यक्रमों के माध्यम से संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करने पर बल दिया। मेरठ प्रांत के महामंत्री श्री चंद्रभानु मिश्र ने भी अपने प्रेरणादायी विचारों से बैठक को ऊर्जा प्रदान की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रहलाद कुमार बाजपेई ने सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार करते हुए आश्वस्त किया कि प्रदेश नेतृत्व प्रत्येक प्रांत के कार्यक्रमों में यथासंभव सहभागिता सुनिश्चित करेगा। बैठक के दौरान संचालनकर्ता श्री किंजल्क कुमार त्रिवेदी ने वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए जबरदस्त तरीके से हो रहे मत्तांतरण एवं धन्मांतरण के विषय में बोलते हुए कहा कि आज अब यह सब कुछ पढ़े–लिखे समाज के बीच में हो रहा है अतः आवश्यकता है समाज में जागरूकता एवं सतर्कता बनाए रखने की।

यह बैठक अपने सभी उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए अंत में कल्याण मंत्र के साथ संपन्न हुई।

प्रदेश स्तर पर उपस्थित पदाधिकारी

श्री प्रहलाद कुमार बाजपेई – प्रदेश अध्यक्ष

डॉ. अमरनाथ दुबे – प्रदेश महामंत्री

श्री किंजल्क कुमार त्रिवेदी – प्रदेश कोषाध्यक्ष

श्री अरुण कुमार शुक्ला – प्रदेश संगठन महामंत्री

श्री सुधीर शुक्ला – प्रदेश संयुक्त महामंत्री

प्रांतीय उपस्थिति का विवरण

छह प्रांतों में से ब्रज, मेरठ, कानपुर एवं अवध प्रांत के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि गोरक्ष एवं काशी प्रांत की उपस्थिति इस बैठक में नहीं हो सकी।

ब्रज प्रांत से उपस्थित पदाधिकारी

डॉ. अनूप शर्मा (अध्यक्ष)

श्री सतीश समर्थ (महामंत्री)

श्री जीतेशराज (संगठन महामंत्री)

डॉ. यशोधरा यादव (जनसंचार संयोजिका)

डॉ. सौरभ देवा (जिलाध्यक्ष, आगरा)

श्री ओम ऋषि भारद्वाज (जिलाध्यक्ष, एटा)

श्री उत्तम सिंह राठौर (जिलाध्यक्ष, फिरोजाबाद)

डॉ. अवधेशमणि त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष, शाहजहांपुर)

श्री विजय कुमार नवमान (प्रांतीय कोषाध्यक्ष)

मेरठ प्रांत से उपस्थित पदाधिकारी

श्री चंद्रभानु मिश्र (महामंत्री)

श्री अनिरुद्ध गोयल (संगठन महामंत्री)

श्री ब्रजनंदन पचौरी (जनसंचार संयोजक)

श्री मयंक जी (प्रांत उपाध्यक्ष)

कानपुर प्रांत से उपस्थित पदाधिकारी

श्री अनूप कुमार गुप्ता (प्रांत महामंत्री)

श्री राहुल मिश्रा (प्रांत जनसंचार संयोजक)

अवध प्रांत से उपस्थित पदाधिकारी

श्री प्रणव अग्निहोत्री (प्रांत महामंत्री)

इस प्रकार यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रही, जिसने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार हेतु एक स्पष्ट दिशा प्रदान की।

# गाजीपुर की घटना को लेकर विश्वकर्मा समाज में दिखा भारी आक्रोश

## राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** गाजीपुर जिले के गांव कटरिया में विश्वकर्मा समाज की बेटी निशा विश्वकर्मा 16 वर्ष के साथ बलात्कार के बाद हत्या के मामले को लेकर विश्वकर्मा समाज में आक्रोश देखा गया है। आज अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जनपद जालौन के जिला अध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो विश्वकर्मा समाज के लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया।



ज्ञापन सौंपते हुए अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि गाजीपुर जिले के थाना करण्डा के अन्तर्गत गांव कटरिया में दबंग सवर्ण जाति विशेष के युवाओं द्वारा विश्वकर्मा समाज के सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिक बेटी निशा विश्वकर्मा 16 वर्ष के साथ बलात्कार किया गया और हत्या करके गंगा नदी के किनारे फेंक दिया। पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और हाल-चाल जानने के लिए 22 अप्रैल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विश्वकर्मा समाज के नेता पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर के गांव कटारिया पहुंचा तो गांव के प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह उर्फ आशु ने पुलिस की मौजूदगी में गांव वालों के साथ मिलकर पथराव कर दिया जिसमें पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा सहित तमाम नेता गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने मांग कि पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के हमलावर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह उर्फ आशू और पथराव करने वाले गांव वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाये तथा निशा विश्वकर्मा के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाये तथा 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाए। घटना स्थल पर लापरवाही बरतने वाले सीओ सिटी गाज़ीपुर और थाना अध्यक्ष करण्डा सहित पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया जाए आदि मांगें को ज्ञापन में शामिल किया गया है। इस मौके पर रामलाल विश्वकर्मा, राम लक्ष्मण शर्मा, अतर सिंह राठौर, वरिष्ठ सपा नेता महेश शिरोमणि दोहरे, श्याम बाबू विश्वकर्मा, दुलीचंद विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, लल्लू भैया विश्वकर्मा, मैयादीन पांचाल, गोविंद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, नीलकमल विश्वकर्मा, शैलेंद्र विश्वकर्मा मनीष विश्वकर्मा, मोहित विश्वकर्मा, डॉक्टर ओम प्रकाश विश्वकर्मा, डा कमलकांत विश्वकर्मा, आशाराम विश्वकर्मा, नितिन विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा गौरव विश्वकर्म, जितेश एडवोकेट, राजेश विश्वकर्मा एडवोकेट, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा एडवोकेट, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रयाग नारायण विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, हर्षद मोहन विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अमरीश विश्वकर्मा, जलज विश्वकर्मा, कैलाश बाबू विश्वकर्मा, अवधेश शर्मा, विपिन ओझा, जीतू विश्वकर्मा, हनुमंत विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, आलोक विश्वकर्मा सहित तमाम विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में तेजी लाने के निर्देश, पात्रों को समय से मिले आवास—जिलाधिकारी

### जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा, अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2024 में चयनित लाभार्थियों की सूची के अनुसार कार्यों में तेजी लाते हुए लंबित आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए।बैठक के दौरान यह भी समीक्षा की गई कि कुछ आवासों में कार्य अधूरा या धीमी गति से चल रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को सात दिन के भीतर आवासों की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण में रुचि नहीं दिखाई जा रही है, उनके स्थान पर पात्र व्यक्तियों का चयन कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु धनराशि जारी की जा चुकी है, उनके निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाए तथा धनराशि के दुरुपयोग की स्थिति में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों को भी सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की साप्ताहिक समीक्षा किए जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी कार्यों की प्रगति से अवगत रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पांडे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज चौधरी सहित समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम सामी में अधेड़ ने बबूल के पेड़ में फांसी लगा की आत्महत्या

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** कैलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम सामी में बीती रात एक अधेड़ ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन शादी समारोह में शामिल होने गये थे तथा मृतक घर में अकेला था। सुबह जब ग्रामीण खेतों पर पहुंचे तो शव पेड़ पर लटका हुआ था।उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गयी और लोग मौके पर जमा हो गये।

उधर घटना खबर लगते ही मृतक के परिजन भी मौके पर आ गये। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि मृतक रामपाल शराब का आदी था जिसकी वजह से घर में विवाद होता रहता था। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गयी है।

# जल जीवन मिशन के तहत बनी पेयजल टंकी से गांव में पानी पहुंचाये जाने की मांग

### जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड महेवा के ग्राम बीजापुर के मजरा गांव कोहना में लगभग दो वर्ष पहले जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी चालू हो गई थी ग्राम पंचायत बीजापुर के मजरा कोहना में पानी हर घर तक पहुंच रहा है जबकि ग्राम पंचायत बीजापुर में न तो आज तक पानी पहुंचा है और न ही आज तक हर घर नल के कनेक्शन भी किये गये है।

उक्त मामले का शिकायती पत्र ग्राम बीजापुर निवासी समाजसेवी रामअवतार पुत्र ग्रासी प्रसाद ने जिलाधिकारी को देते हुए जानकारी दी है। बताया कि एक साल पहले घरों में नल कनेक्शन दिए गये थे लेकिन गांव की अभी 30 प्रतिशत आबादी में नल कनेक्शन नहीं किये गये है जितने घरों में नल कनेक्शन दिए गये है उन घरों में अभी तक पानी नहीं पहुंच रहा है जबकि बीजापुर गांव की आबादी लगभग 2500 है इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है बताया कि गर्मी के मौसम की बजह से नल पानी छोड़ जाते हैं तथा कुछ सरकारी नलों में खारा पानी है जो पीने लायक नहीं है। जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम बीजापुर में पानी की टंकी से घर तक पानी पहुंचाया जाये। जिससे जल जीवन मिशन का उद्देश्य पूरा हो सके।

# कुठौंद थाना पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )




**कुठौंद।** वांछित, वारंटी अपराधियों की। गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त जयकरन पुत्र मतोले निवासी ग्राम अतरछला थाना कुठौन्द जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की

# यातायात प्रभारी ने इकलासपुरा चौराहा क्षेत्र में चलाया वाहन चैकिंग अभियान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज इकलासपुरा चौराहा क्षेत्र में यातायात प्रभारी (पीएसआई) वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।



चेकिंग के दौरान एक प्राइवेट कार, जिसको अवैध रूप से सवारी बुक करके कानपुर ले जाया जा रहा था जांच में पाया गया कि उक्त वाहन का उपयोग नियमों के विरुद्ध किराए पर सवारी ढोने के लिए किया जा रहा था। मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के चलते वाहन को तत्काल प्रभाव से सीज किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई व साथ में अन्य एक ब्लैक फिल्म लगी कार को रोक कर उस पर भी कार्यवाही की गई तथा और भी वाहनों की चेकिंग की गई हुई। इसके साथ ही, क्षेत्र में पटाखा साइलेंसर (तेज/विस्फोटक ध्वनि उत्पन्न करने वाले) लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। ऐसे वाहनों के चालान काटे गए और कुछ मामलों में वाहन जब्त भी किए गए। इसके अतिरिक्त, फॉल्टी, अस्पष्ट अथवा नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाए गए वाहनों के खिलाफ भी सघन कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि यातायात की टीम दिन दोपहर रात्रि में गर्मी सर्दी और बरसात में सदैव आमजनमानस की सेवा में तत्पर रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है और साथ में यह भी बताया की यह अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जनसामान्य से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित मानकों का पालन करें, अवैध संशोधन न कराएं तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। नशे की स्थिति में और तेज तेज गति से वाहन कभी ना चलाएं।

# नवासी में नागेंद्र दोहरे ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवासी राजेंद्र दोहरे पुत्र जगजीवन राम उम्र लगभग 22 वर्ष ने कमरे के अंदर ताला लगाकर पंखे के कुंडे से फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली बताया जा रहा है कि नागेंद्र अपने माता-पिता के साथ नोएडा में रहता था जो वह 14 अप्रैल को गांव आया हुआ था और उसने अंबेडकर जयंती पर खुलकर डांस किया और इसके बाद ग्राम वासियों के अनुसार नागेंद्र 16 तारीख तक गांव में दिखाई दिया इसके बाद वह गांव में दिखाई नहीं दिया जब 24 अप्रैल को मृतक की चाची प्रीति देवी अपने मायके जगम्मनपुर से अपने घर नवासी आई तो उन्होंने देखा कि कमरे के अंदर से किवार लगे हुए थे और कमरे के अंदर से बदबू आ रही थी तो उन्होंने अपनी परिवार वालों व ग्राम प्रधान को बताया जिसकी सूचना तुरंत मृतक की चाची ने थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे को दी तो थाना प्रभारी निरीक्षक ने घटना की सूचना जालौन क्षेत्राधिकार शैलेंद्र कुमार बाजपेई व फॉरेंसिक टीम को दी और स्वयं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और उसके बाद किवार अंदर से बंद थे तो उन्होंने साथ में मौजूद वरिष्ठ उपनिरीक्षक सील बंद सिंह उप निरीक्षक तिरमल सिंह हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार प्रवीण शर्मा आदि ने काफी मशक्कत की बात दरवाजे को तोड़ा और देखा गया कि दरवाजे में अंदर से ताला भी लगा हुआ था और नागेंद्र फांसी के फंदे पर झूल रहा था उसी समय क्षेत्राधिकार शैलेंद्र कुमार बाजपेई फॉरसिक टीम आ गई और जांच शुरू कर दी इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे ने प्रधान प्रतिनिधि शिव सिंह चंदेल व ग्राम वासियों के समक्ष पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार जगजीवन के एक लड़का व तीन लड़की हैं लड़का सबसे बड़ा था

# जमीन विवाद में दो भाइयों की मौत के बाद बेसहारा परिवार की मदद को आगे आई पुलिस

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुरा जागीर में जमीन विवाद के चलते हुई दर्दनाक घटना के बाद पुलिस ने मानवीय पहल दिखाते हुए पीड़ित परिवार की सहायता की। दिनांक 20 अप्रैल 2026 को गांव मिर्जापुरा जागीर में जमीन को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतकों के पिता एवं एक अन्य भाई को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार की महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं, जिनके सामने जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मय पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बच्चों और महिलाओं के लिए राहत सामग्री एवं राशन वितरित किया।

# पुलिस की हठधर्मी-चुर्खी थाना पुलिस ने सात दिन गुजर जाने बाद भी नहीं लिखी चोरी की रिपोर्ट

### लाखों की चोरी होने के वाबजूद मामले की दबा रही है पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** चुर्खी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम रिछारा निवासी विनोद कुमार पुत्र दशरथ सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को वह अपनी पुत्री की सगाई के दौरान उरई में था इस दौरान रात्रि के समय अज्ञात चोरों उनके मकान को निशाना बना डाला और घर के अंदर घुसकर अलमारी का लाकर तोड़कर चांदी के सिक्के तथा ढाई लाख रुपए नगद चोरी कर ले गये। सुबह जब परिजनों ने देखा तो होश उड़ गये। पीड़ित विनोद कुमार सिंह पुत्र दशरथ सिंह का कहना है इस घटना की लिखित तहरीर चुर्खी थाना पुलिस को दी गयी लेकिन थाना पुलिस ने सात दिन गुजर जाने के बाद भी चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।इस चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल तो है ही पीड़ित परिवार में भी पुलिस के प्रति भारी आक्रोश पनपता नजर दिखाई दे रहा है। हालांकि कि विनोद कुमार सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई के पद पर हरदोई जनपद में तैनात हैं उन्होंने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग उठाई है।

# हीटबेव व लू से बचाने के लिए स्कूल संचालन 7.30 से 12.30 तक रहेगा--डीएम

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने आदेशित किया कि जनपद जालौन में बढ़तें तापमान (हीटबेव व लू से बचाने) के दृष्टिगत विद्यार्थियों के हित में प्री-प्राइमरी से कक्षा 08 तक के समस्त बोर्डो के सरकारी / परिषदीय / गैरसरकारी/प्राइवेट विद्यालयों का समय परिवर्तित करते हुए दिनांक 22.04.2026 से अग्रिम आदेशों तक विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक निर्धारित किया जाता है। समस्त विद्यालय उक्त टाइम लाइन का कडाई से अनुपालन करेगें।इस आदेश की प्रमाणिकता को जनपद की वेबसाइट 222.द्धड्डद्यड्डह्वठ्ठ.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर चेक किया जा सकता है। यदि उक्त आदेश का विचलन पाया जायेगा तो संबंधित विद्यालय प्रबंधक के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# साक्षरता कर्मियों ने अवशेष मानदेय के भुगतान की मांग उठाई

### जिलाधिकारी को प्रेरक संघ जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिला प्रेरक संघ के जिलाध्यक्ष कालीदास तिवारी के नेतृत्व में रामअवतार, शंकरशिव कुलश्रेष्ठ, कलाराम, शिवशरण, कल्पना, सुनील वर्मा आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि निदेशक साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राचय भाषा में उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक संख्या एवं वैकल्पिक शिक्षा 16232-364/2025-26 दिनांक 27 मार्च 2026 का संदर्भ ग्रहण करते हुए योजना साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत साक्षरता कर्मियों, जिला समन्वयक, ब्लाक समन्वयक, शिक्षा प्रेरक का अवशेष मानदेय का सत्यापन कराते हुए उनका विवरण उपलब्ध कराने हेतु कहा गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मांगी सूचना निदेशालय को भेजने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जाये जिससे साक्षरता कर्मियों का अवशेष मानदेय भुगतान के संबंध में निदेशालय द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अध्यापकों ने सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अध्यापकों ने सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा व तहसील अध्यक्ष लालजी पाठक के नेतृत्व में शिक्षको ने सात सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम हेमंत पटेल को दिया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भवन गणना व जनगणना में अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसी स्थिति में सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। स्कूल बंद होने से मध्यान्ह भोजन योजना व स्कूलों



चलो अभियान प्रभावित होगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापक को ड्यूटी से अलग रखा जाए जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। शिक्षकों की ड्यूटी लगाते समय ग्रेड पे का ध्यान नहीं रखा गया है। ड्यूटी चार्ट में कनिष्ठ व वरिष्ठ का ध्यान रखा जाए। प्रसव, चिकित्सीय व बाल्यकाल देखभाल अवकाश पर चल रहे शिक्षकों को ड्यूटी से छूट दी जाए। गर्भवती महिलाओं और दिव्यांग शिक्षकों से ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। शिक्षकों की ड्यूटी उनके तैनाती स्थल के आसपास ही लगाई जाए। भवन गणना व जन गणना में लगाए गए शिक्षकों को ग्रीष्म अवकाश के स्थान पर उपार्जित अवकाश दिया जाए। शिक्षकों ने एक व तीन मई को अवकाश दिवस में होने वाले प्रशिक्षणों को किसी अन्य कार्य दिवस में कराने की भी मांग की है। इस मौके पर राघवेंद्र निरंजन, उमेश पटेल, रूपेंद्र सक्सेना, अनिल सिंह विराट, अशोक जाटव, विजय राजावत, प्रफुल्ल शर्मा, राजेंद्र निरंजन, मनीष समाधिया, आलोक खरे, निधि राजपूत, प्रियंका शर्मा, रितु पुरवार, प्रीती सिंह, रितु निरंजन, रानी देवी, राघवेंद्र भूषण द्विवेदी, इंद्रपाल निरंजन, दिनेश निरंजन, भानु प्रताप, संजय, शैलेंद्र निरंजन, रविंद्र पाल, रामकृष्ण त्रिपाठी, शैलेंद्र राजावत, राजनारायण दीक्षित, ताहर सिंह, अजय राजावत, राजेंद्र तिवारी, जीवन त्रिपाठी, अश्विनी सोनी, रामनरेश वर्मा, जगत निरंजन, अनिल वर्मा, अयोध्या प्रसाद, रमन द्विवेदी, राजाराम निरंजन, अशोक निरंजन आदि रहे।

# बीड़ी-सिगरेट की चिंगारी बनी तबाही का कारण, 170 बीघा फसल जलकर राख

( यंग भारत न्यूज )



- **माधौगढ़ क्षेत्र में लापरवाही से लगी आग, किसानों को भारी नुकसान**
- **किसानों को पड़ गए अन्न के लाले**

**उरई ( जालौन )।** माधौगढ़ क्षेत्र के कुदारी-लरियापुरा रोड पर गुरुवार को अज्ञात लोगों की लापरवाही ने किसानों की महीनों की मेहनत को कुछ ही पलों में राख कर दिया। बीड़ी-सिगरेट की जलती चिंगारी से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे लगभग 150 बीघा गेहूं की पराली और 20 बीघा खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोग सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे थे और बीड़ी-सिगरेट पीने के बाद जलती हुई सामग्री वहीं फेंक दी। इसी से आग भड़क उठी, जो तेज हवा के कारण तेजी से खेतों में फैल गई। देखते ही देखते आग ने बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। किसान अपनी फसल बचाने के लिए खेतों की ओर दौड़े, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं ने साहस का परिचय देते हुए फायर ब्रिगेड टीम के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। नायब तहसीलदार अब्दुल्ला खान लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे और जली हुई फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित किसानों को आश्वासन दिया कि शासन स्तर से उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। यह घटना एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही से धूम्रपान करने के खतरों को उजागर करती है। किसानों की आजीविका पर पड़े इस गंभीर संकट ने जिम्मेदार व्यवहार की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

# ज्ञानदीप इंटर कॉलेज की हाई स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम, 90% से अधिक अंक लाकर बढ़ाया विद्यालय का गौरव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** पंडित बाबूराम वैद्य ज्ञान दीप इंटर कॉलेज, माधौगढ़ की हाई स्कूल छात्राओं ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।



विद्यालय की छात्रा प्रियंका सिंह और आशी ने 91.33% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं दीप्ति ने 90.06% अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने भी छात्राओं की इस सफलता पर खुशी जताई और उन्हें सम्मानित किया।

# भवन गणना ड्यूटी को लेकर शिक्षकों की मांगें तेज,नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र में आगामी भवनगणना एवं जनगणना कार्य को लेकर परिषदीय शिक्षकों में असंतोष देखने को मिल रहा है। भारत सरकार के निर्देश पर शुरू होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य के तहत विकासखंड नदीगांव के शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के बाद उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर नायब तहसीलदार वैभव कुमार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि वर्तमान में मकान गणना का कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कराया जा रहा है, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पूर्व शासनादेशों का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी कर्मचारी से ग्रीष्म अवकाश में सरकारी कार्य लिया जाता है, तो उसे इसके बदले अर्जित अवकाश प्रदान किया जाना चाहिए। शिक्षकों ने मांग की कि इस नियम का पालन करते हुए सभी संबंधित शिक्षकों को अवकाश का लाभ दिया जाए ।इसके साथ ही शिक्षकों ने संवेदनशील मामलों को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिला शिक्षिकाओं, दिव्यांग शिक्षकों और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कर्मचारियों को इस कार्य से मुक्त रखने की मांग ज्ञापन मे रखी। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ।ज्ञापन में ड्यूटी आवंटन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। शिक्षकों का आरोप है कि ग्रेड पे और वरिष्ठता जैसे महत्वपूर्ण मानकों की अनदेखी की गई है, जिससे सेवा क्रम प्रभावित हो सकता है। उन्होंने मांग की कि ड्यूटी लगाने में पारदर्शिता बरती जाए और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए ।इसके अलावा शिक्षकों ने सुझाव दिया कि भवन गणना कार्य में लगाए गए प्रगणकों की तैनाती उनके कार्यरत विद्यालयों के आसपास ही की जाए, ताकि वे अपनी नियमित जिम्मेदारियों के साथ इस अतिरिक्त कार्य को भी सुचारू रूप से निभा सकें ।ज्ञापन देने बालो में केशव द्विवेदी, हरपाल यादव, शैलेन्द्र मिश्रा,जीतेन्द्र गुप्ता,रंजन गोस्वामी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# S.M.I.T. क्लासेज माधौगढ़ का शानदार परीक्षा परिणाम, छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## -इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में हासिल किए बेहतर अंक, संस्थान में खुशी की लहर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** S.M.I.T. क्लासेज, माधौगढ़ के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट वर्ग में कीर्ति ने 73% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा मान्यता (70%), लक्ष्मी (68%), रामू (67%), कमल सिंह (67%), सचिन सिंह (66%), निधि (66%), अंजलि (63%), दीपा (55%) और पायल (55%) ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए।

वहीं हाईस्कूल वर्ग में राज यादव ने 89% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अजय प्रताप सिंह (84%), मयंक (80%), प्रतिभा (80%), गीतांजलि (80%), मालती (78%), शुभ (74%), सुंदरी (74%), शिल्पी (70%), महक (70%), शैलेश (67%), नम्रता (67%), मनोरमा (66%), अमीर खान (65%), रानी (65%), काव्य वर्मा (65%), रजनी सिंह (65%) और कपिल सिंह (63%) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक प्रशांत यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्थान आगे भी इसी प्रकार बेहतर शिक्षा प्रदान करता रहेगा। संस्थान में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है और अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पूरे जनपद में चोरो पर है आईपीएल के सट्टा ऑनलाइन सट्टा लगाते पुलिस ने 5 दबोचे

## खेल रहे थे हार जीत की बाजी

( यंग भारत न्यूज )




**कोटरा-उरई।** थाना कोटरा पुलिस द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा लगाने वाले 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 37,470/- रूपये व 05 अदद मोबाइल फोन बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की ।

कोटरा में आईपीएल मैचों के द्वारा कस्बे में चल रहे अवैध सट्टे बाजी पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्यवाही की है थाना प्रभारी विमलेश कुमार एवं कोटरा पुलिस प्रशाशन ने मोबाइल फोन के जरिए सट्टा लगाते हुए पांच सट्टेबाजों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया जिसमें अंशु अग्रवाल, जमील , खालिद, चंद्रशेखर ,और यश पांचों अभियुक्त कस्बा कोटरा के ही निवासी हैं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 37470रुपए नगद और पांच मोबाइल फोन बरामद किए कोटरा थाना पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मु0 अ0 स0 32/2026 धारा 13सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2)बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु भेजा गया

# इंटरमीडिएट की परीक्षा में फैल होने से आहत छात्रा फाँसी पर झूली

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम सुलखना में इंटरमीडिएट की परीक्षा में असफल होने से आहत एक छात्रा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुलखना निवासी राधा (18) पुत्री राजबहादुर इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल हो गई थी, जिससे वह काफी परेशान और मानसिक रूप से दुखी चल रही थी। गुरुवार की देर शाम जब घर पर कोई मौजूद नहीं था, तभी उसने यह कदम उठा लिया। बताया गया कि उसकी मां पड़ोस में एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी, जबकि पिता गेहूं बेचने के लिए मंडी गए हुए थे। कुछ समय बाद जब मां घर लौटी तो राधा को फांसी के फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में इस दर्दनाक घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों का कहना है की राधा ग्राम छिरिया के गंभीर सिंह इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा थी कल परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही वह बहुत दुखी थी इसी के चलते उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

# एट पावर हाउस में हाई टेंशन लाइनों में लगी आग, बड़ा हादसा टला

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** एट स्थित पावर हाउस में शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही चारों ओर धुआं फैल गया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ आग पर काबू पाया। यदि समय रहते बिजली सप्लाई बंद न की जाती, तो आग विकराल रूप ले सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था। कर्मचारियों की तत्परता और सतर्कता से न केवल पावर हाउस सुरक्षित रहा, बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो गया।

# ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी में 45 दिनों का लॉक पीरियड होने से उपभोक्ता परेशान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।नगर में ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी चौहान इंडेन गैस सर्विस के माध्यम से छह से सात हजार उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराई जाती है। ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी में 45 दिनों का लॉक पीरियड होने से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने शहरी क्षेत्र के अनुसार 25 दिनों का लॉक पीरियड किए जाने की मांग करते हुए मंत्रालय को पत्र भेजा है।

नगर में इंडेन गैस की उपलब्धता के लिए दो एजेंसी थीं। जिनमें पहली जालौन इंडेन गैस सर्विस और दूसरी चैनू इंडेन गैस सर्विस थीं। इनमें से चैनू इंडेन गैस सर्विस को कुछ वर्ष पूर्व सस्पेंड कर दिया गया था। इस एजेंसी के उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र की एजेंसी चौहान इंडेन गैस सर्विस से अटैच कर दिया गया था। यहां नगर के लगभग छह से सात हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के चलते गैस रिफिलिंग के लिए लॉक पीरीयड बढ़ाया गया है। जिसके अनुसार शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता सिलिंडर रिफिल कराने के बाद दूसरी बुकिंग 25 दिन बाद कर सकते हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह अवधि 45 दिनों के लिए की गई है। ऐसे में जालौन गैस एजेंसी के उपभोक्ता 25 दिनों की लॉक अवधि के बाद गैस की बुकिंग कर पा रहे हैं। जबकि चौहान गैस एजेंसी पर पंजीकृत उपभोक्ताओं की गैस की बुकिंग 45 दिनों के बाद हो रही है। ऐसे में इस एजेंसी के उपभोक्ता परेशान है। परेशान उपभोक्ता अशफाक राईन, जावेद, अनिल आदि ने बताया कि गैस सिलिंडर 20 से 25 दिनों अधिकतम एक माह में समाप्त हो जाता है।45 दिनों की लॉक अवधि के चलते वह बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने मंत्रालय को पत्र भेजकर चौहान गैस एजेंसी पर नगर क्षेत्र के पंजीकृत उपभोक्ताओं के 25 दिनों की लॉक अवधि का लाभ दिलाने की मांग करते हुए कहा कि वह शहरी क्षेत्र के निवासी हैं इसलिए उन्हें शहरी क्षेत्र के अनुसार लाभ मिलना चाहिए।

# विधुत केबिल में लगी आग, घंटो आपूर्ति रही बाधित

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शुक्रवार को झंडा चौराहा पर बिजली की केबिल में आग लग गई। आग लगने के कारण छोटी माता मंदिर के सामने रखा 400 केवी के ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। दोपहर में दो घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रहने से बाजार के दुकानदार व ग्राहक परेशान हुए।

नगर के मुख्य बाजार झंडा चौराहे पर शुक्रवार की दोपहर अचानक केबिल में आग लग गई। आग लगने की खबर लगते ही मुख्य बाजार में छोटी माता मंदिर के सामने 400 केवी के ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बंद कर दी गई। पहले तो लोगों को कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी करने पर जब लोगों को पता चला कि केबिल में आग लग गई है और लगभग दो घंटे तक बिजली नहीं आएगी तो उन्होंने पंखे आदि बिजली के उपकरण बंद कर दिए। सूचना के बाद बिजली निगम के जेई नवीन कंजोलिया के नेतृत्व में सामीर अली, राजेन्द्र, उपेन्द्र, लालजी बाथम, सोन्टी सोनी की टीम ने केबिल को ठीक करने का काम किया। गर्मी के मौसम में लगभग दो घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण दुकानदार व ग्राहक परेशान हो गए। जेई नवीन कंजोलिया ने बताया कि केविल में आग लगने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई, केविल ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

# विधालय में अभद्रता के आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शराब के नशे में परिषदीय विद्यालय में पहुंचकर अभद्रता करने की शिकायत प्रधानाध्यापक ने कोतवाली में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह यादव पिंटू ने पुलिस को बताया कि विद्यालय में बच्चे शांतिपूर्वक पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव का ही युवक योगेंद्र सिंह शराब के नशे में विद्यालय आया और अभद्रता करने लगा। जब उसे रोकने का प्रयास किया तो गाली, गलौज शुरू कर दी। उन्होंने व गांव के लोगों ने समझाने के प्रयास किया फिर भी वह नहीं माना और परेशान करता रहा। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ शांतिभग की कार्रवाई की है।

# ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर भूसा मशीन सहित नदी में गिरा, नही हुई कोई जनहानि

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम हथना बुजुर्ग में भूसा मशीन लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक भूसा मशीन लेकर खेत की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सीधे नदी में जा गिरा। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर और भूसा मशीन दोनों क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे मालिक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गनीमत रही कि समय रहते बड़ा हादसा टल गया।

# 15 साल की लड़की ओरल सेक्स से हुई प्रेग्नेंट डॉक्टरों' ने बताया कैसे हुआ ये चमत्कार

( यंग भारत न्यूज )

अफ्रीका के लेसोथो में एक 15 साल की किशोरी के साथ हुई एक अजीबोगरीब घटना ने चिकित्सा जगत को हैरान कर दिया. इस किशोरी के पास योनि का कोई प्राकृतिक मार्ग नहीं था, फिर भी वह ओरल सेक्स के जरिए गर्भवती हो गई. यह मामला इतना असामान्य था कि इसे ब्रिटिश जर्नल ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी में दर्ज किया गया.आइए, इस अनोखी घटना के बारे में विस्तार से जानते हैं.



अचानक शुरू हुआ दर्द यह घटना 1988 की है, जब इस किशोरी को तेज पेट दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया. दर्द इतना अजीब था कि उसे प्रसव पीड़ा जैसा महसूस हो रहा था. डॉक्टरों ने जब जांच शुरू की तो उन्हें जो सच पता चला वह चौंकाने वाला था. यह किशोरी वास्तव में गर्भवती थी और प्रसव पीड़ा से गुजर रही थी लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह था कि बिना योनि मार्ग के वह गर्भवती कैसे हुई ? योनि में नहीं था कोई मार्ग जांच के दौरान पता चला कि किशोरी को 'वेजाइनल एट्रेसिया' नामक एक दुर्लभ जन्मजात समस्या थी. यह ऐसी स्थिति है जिसमें योनि का कोई प्राकृतिक मार्ग नहीं होता. यह समस्या नवजात बच्चियों में 4,000 से 10,000 में से किसी एक को प्रभावित करती है. इस स्थिति में सामान्य गर्भधारण असंभव माना जाता है, जब तक कि इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) जैसी तकनीकों का इस्तेमाल न किया जाए. लेकिन इस किशोरी ने ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं करवाई थी. सिजेरियन से हुआ जन्म चूंकि योनि मार्ग नहीं था, इसलिए डॉक्टरों को सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए बच्चे को जन्म देना पड़ा. ऑपरेशन सफल रहा और एक स्वस्थ 6.2 पाउंड वजनी बच्चे ने जन्म लिया. लेकिन रहस्य अभी भी बरकरार था कि आखिर यह गर्भधारण कैसे संभव हुआ.

**रहस्य का खुलासा**

किशोरी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में उसने अपने शरीर में बदलाव महसूस किए थे, लेकिन योनि मार्ग न होने और पारंपरिक संभोग न करने की वजह से उसे गर्भावस्था का शक कभी नहीं हुआ. डॉक्टरों ने जब उससे पूछताछ की, तो एक चौंकाने वाली कहानी सामने आई. नौ महीने पहले वह अपने पेट में चाकू से लगी चोट के इलाज के लिए अस्पताल आई थी. यह चोट उसे तब लगी थी, जब उसके पूर्व प्रेमी ने उस पर हमला किया था. हमले से पहले वह अपने नए साथी के साथ ओरल सेक्स में शामिल थी. कैसे हुई प्रेग्नेंट ? डॉक्टरों ने इस मामले की गहराई से जांच की और एक संभावना पर पहुंचे. उनका मानना था कि ओरल सेक्स के दौरान निगले गए शुक्राणु किसी तरह उसके पेट की चोट के जरिए प्रजनन अंगों तक पहुंच गए. हमले के दौरान लगी चोट ने शुक्राणुओं के लिए एक रास्ता बना दिया, जिससे वे गर्भाशय तक पहुंचे और अंडे को निषेचित कर दिया. यह निष्कर्ष इसलिए भी मजबूत हुआ, क्योंकि बच्चे की शक्ल उसके पिता से मिलती थी, जिससे किसी चमत्कारी गर्भधारण की संभावना खारिज हो गई. पेट का एसिड और कुपोषण आमतौर पर पेट का एसिड इतना तेज होता है कि वह शुक्राणुओं को तुरंत नष्ट कर देता है लेकिन डॉक्टरों का मानना था कि उस समय किशोरी कुपोषण का शिकार थी. कुपोषण की वजह से उसके पेट में एसिड की मात्रा कम थी, जिसके कारण शुक्राणु जिंदा रह सके और चोट के रास्ते गर्भाशय तक पहुंच गए. यह एक ऐसी परिस्थिति थी, जो चिकित्सा विज्ञान के लिए बेहद दुर्लभ और हैरान करने वाली थी. एक अनोखा मामला हालांकि यह घटना 1988 की है, लेकिन हाल ही में स्कॉटलैंड की एक महिला की कहानी के बाद यह फिर से चर्चा में आई. स्कॉटलैंड की उस महिला को लगा था कि उसका अपेंडिक्स फट गया है, लेकिन 40 मिनट बाद उसने एक बच्चे को जन्म दिया. इन दोनों घटनाओं ने यह साबित किया कि प्रकृति और मानव शरीर कभी-कभी ऐसे रहस्य सामने लाते हैं, जिन पर विश्वास करना मुश्किल होता है.

# शीरीरिक संबंध बनाते समय हटा दी तुलसी की माला, जबरन पिलाई शराब' बोला- 'गजवा ए हिंद करना हैं'

( यंग भारत न्यूज )

महाराष्ट्र के नाशिक में धर्मांतरण और शारीरिक शोषण का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। इस मामले में एक इंजीनियरिंग छात्र, तंजीर इनामदार, पर अपने साथी छात्रा का जबरन धर्म परिवर्तन कराने, शराब पिलाने और शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।



## मामला क्या है?

पुलिस के अनुसार, यह घटना नाशिक के पंचवटी पुलिस थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने अपना बयान दर्ज कराया है कि आरोपी छात्र तंजीर इनामदार ने उसके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया और उसे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने कई जगहों पर उसके साथ जबरदस्ती किया, शराब पिलाई और धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जून 2024 से जनवरी 2026 के बीच, आरोपी ने पुणे के विद्यार्थी गृह, आकाश पेट्रोल पंप के पीछे का गार्डन, नाशिक के पिंगळे डेअरी, अभिषेक स्वीट और भक्ति इन लॉज जैसी जगहों पर उसके साथ शारीरिक शोषण किया। उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके हाथ पकड़कर जबरदस्ती गले लगाना और गले के पास काटने जैसी हरकतें कीं, जिन्हें वह 'लव बाइट' कहता था। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसे जबरदस्ती शराब और सिगरेट पीने के लिए मजबूर किया। जनवरी 2026 में आरोपी उसे आरटीओ ऑफिस के सामने भक्ति इन लॉज में ले गया, जहां उसे फिर से शराब पिलाई गई और शारीरिक शोषण किया गया।

## तुलसी की माला और गजवा ए हिंद का प्रयास

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके गले से तुलसी की माला उतार दी और कहा कि वह उसका 'गजवा ए हिंद' करना चाहता है। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि वह उसका धर्म परिवर्तन कराएगा। पुलिस ने आरोपी तंजीर इनामदार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे 22 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में रखा गया है। वकील का कहना है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और सारे आरोप झूठे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, और पूरे मामले की जांच चल रही है। यह मामला धर्मांतरण और शारीरिक शोषण के गंभीर आरोपों को उजागर करता है, और पुलिस इस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# अपने भतीजे से प्रेम कर बैठी अंशु यादव एक दिन गायब हो गई फिर' रिश्तों को कलंकित करने वाली कहानी पता चल'!

( यंग भारत न्यूज )

इस साल के अक्टूबर से ही 65 साल के रिटायर्ड दारोगा रणवीर सिंह यादव की बेटी अंशु यादव लापता चल रही थी. पुलिस को अंशु के गायब होने की जानकारी नवंबर के महीने में मिली थी, जिसके बाद पुलिस भी उसे खोज रही थी.



जब पुलिस ने पिता रणवीर सिंह यादव से पूछा तो पिता ने कहा कि बेटी घर से चली गई है. मगर आगरा पुलिस मामले की जांच में जुटी रही. इसी बीच पुलिस को पता चला कि एक युवक ने हाईकोर्ट में अंशु के लापता होने की याचिका दाखिल की है. इसमें हाईकोर्ट से अपील की गई थी कि वह अंशु यादव का पता लगाने का आदेश पुलिस को दे. पुलिस ने जब याचिका लगाने वाले युवक की जांच की तो सामने आया कि वह उसके रिश्ते का भतीजा है और उसके साथ अंशु का प्रेम संबंध भी चल रहा था. इसके बाद पुलिस ने सनसनीखेज कांड का खुलासा किया और पता चला कि जिस अंशु यादव को पुलिस लगातार खोज रही थी, उसका तो अक्टूबर में ही कत्ल कर दिया गया था. दरअसल अंशु यादव का कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि उसके पिता रिटायर्ड दारोगा रणवीर सिंह यादव ने ही किया था. इस कत्ल में अंशु की मां, भाई समेत रिश्तेदार भी शामिल थे.

**अंशु को क्यों मारा गया?**

रणबीर सिंह ने अपनी बेटी की हत्या अक्टूबर महीने में ही कर दी थी. बेटी की हत्या के बाद उसकी लाश को भी इटावा ले जाकर ठिकाने लगा दिया था. दरअसल पुलिस जांच के दौरान शक अंशु के पिता पर ही गया. दूसरी तरफ युवती का भी कुछ पता नहीं चल रहा था. ऐसे में पुलिस ने पिता से ही सख्त पूछताछ की, जिसके बाद वह टूट गया. इसी बीच पुलिस के हाथ अंशु का एक वीडियो भी लगा, जिसमें उसने अपने माता-पिता-परिवार से जान को खतरा बताया था. पूछताछ में पिता ने बताया कि बेटी अंशु का अपने ही रिश्ते में लगने वाले भतीजे के साथ प्रेम संबंध चल रहा था. पूरा परिवार इसके खिलाफ था. वो उसके साथ शादी करना चाहती थी और रिश्ता खत्म करने के लिए तैयार नहीं थी.

**गला दबा कर मार डाला**

आरोप है कि इसी दौरान पिता ने बेटी का गला दबा दिया और उसे तड़पा-तड़पा कर मार डाला. फिर पत्नी और बेटे को लिया और गाड़ी में शव डालकर इटावा की तरफ सभी चल दिए. वहां अंशु के मामा का घर था. वहां अंशु के मामा और ममेरे भाई ने इनका साथ दिया और शव को यमुना नदी में फेंक दिया. मगर शव थोड़ी दूर जाकर झाड़ियों में फंस गया. बता दें कि पुलिस ने आरोपी पिता की निशानदेही पर शव भी बरामद कर लिया है. उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

**पुलिस ने ये बताया**

इस पूरे मामले को लेकर (डीसीपी आगरा वेस्ट) अतुल शर्मा ने बताया, इस मामले में मुख्य आरोपी पिता, मृतका की मां और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी के साले और साले के लकड़े की तलाश जारी है. मामले की जांच की जा रही है.

# महिला मित्र की खातिर गर्भवती पत्नी को मार डाला

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर टिकरी गांव में बुधवार शाम संदिग्ध दशा में एक गर्भवती की मौत हो गई। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। दावा किया है कि दामाद ने महिला मित्र की खातिर उसकी बेटी को मौत की नींद सुलाया है। उसने ससुरालियों पर भी दहेज मांगने का इल्जाम जड़ा है। घटना के बाद से मायके वालों की रो-रोकर हालत खराब है। पुलिस ने मुकदमा कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोहिउद्दीनपुर मजरा महगांव निवासी रामघसीटे ने बताया कि उसने अपनी 26 वर्षीय बेटी रूपा देवी की शादी वर्ष 2021 में गौसपुर टिकरी गांव के अजय कुमार से की थी। पीड़ित के मुताबिक दामाद का शादी के पहले से ही अपनी बुआ की बेटी कविता निवासी नवीपुर थाना कोखराज से दोस्ताना संबंध था। इसकी जानकारी शादी के बाद हुई। बेटी रूपा दोस्ताना संबंधों का विरोध करती थी तो पति अजय व उसकी महिला मित्र कविता मिलकर उसको प्रताड़ित करते थे। पीड़ित पिता का कहना है कि है कि बेटी का पति अजय, ससुर भैरव प्रसाद, पति की बुआ, महिला मित्र कविता तथा कविता का पति संदीप दहेज की मांग भी करते थे। इसके लिए आए दिन बेटी को मारा-पीटा तक जाता था। आरोपी पति ने महिला मित्र की खातिर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर बुधवार शाम दो माह की गर्भवती बेटी रूपा की हत्या की है।



हालांकि, पीड़ित यह नहीं स्पष्ट कर सका कि हत्या किस तरह से की गई। गुरुवार को मायके से दर्जनों लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा कायम कर दिया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू थामे नहीं थम रहे हैं।----बेटे ने इशारों में बताया गला दबाकर की हत्यामृतका के मायके वालों के साथ उसका ढाई साल का बेटा देवांश भी कोतवाली आया था। मीडिया कर्मियों के पूछने पर इशारों में उसने बताया कि पापा ने गला दबाकर मां की हत्या कर दी। बेटे ने पुलिस को भी यही बयान दिया है। हालांकि, पुलिस की ओर से कहा गया है कि महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। वैसे, मुकदमा दहेज हत्या का ही लिखा गया है।----कोटप्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी। मृतका के पिता ने दहेज उत्पीड़न के साथ प्रेम संबंधों की भी बात कही है। तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा कायम कराकर आरोपियों की तलाश शुरू करा दी गई है।-शिवांक सिंह-डीएसपी, मंझनपुर।

# चोरी के शक में ये कैसी सजा... जूतों की माला पहनाकर अर्धनग्न कर पत्नी के साथ पूरे गांव में घुमाया, छत्तीसगढ़ के सूरजपुर की घटना

( यंग भारत न्यूज )

**अंबिकापुर:** सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र के पस्ता गांव में चोरी के संदेह में एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने युवक का आधा सिर मुंडवाकर उसके गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाई और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उसे अर्धनग्न अवस्था में उसकी पत्नी के साथ पूरे गांव में घुमाया गया।

**पंचायत के बहाने बुलाकर की गई कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार, रामानुजनगर थाना के ग्राम कल्याणपुर निवासी मोहम्मद रहमान ताज (32) पर सोलर पैनल सिस्टम के तार चोरी करने का संदेह जताया गया था। इसी आधार पर गांव के सरपंच पति और कुछ ग्रामीणों ने उसे पंचायत में समझौते के लिए बुलाया। जब वह अपनी पत्नी के साथ पस्ता गांव पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और कथित तौर पर सजा देना शुरू कर दिया।

# बंगाल, बंपर वोटिंग और बवाल...पुलिस के सामने ही टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीजेपी

## - उम्मीदवार सुवेंदु सरकार को दौड़ा-दौड़कर पीटा, भागकर बचानी पड़ी जान

( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** बंगाल के कुमारगंज में मतदान के दौरान बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट का मामला सामने आया। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने उनके बूथ पर पहुंचने के विरोध में पर हमला किया।



घटना के दौरान वो एक व्यक्ति का पीछा करते भी दिखे, जिस पर पोलिंग एजेंट को अंदर नहीं जाने देने का आरोप था। मौके पर तनाव बढ़ गया, हालांकि सुरक्षाबलों ने स्थिति को नियंत्रित किया और उन्हें वहां से बाहर निकाला। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। हमला करने वाले लोगों की पहचान कन्फर्म नहीं है। जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग ने वीडियो में दिख रहे सभी लोगों की तुरंत गिरफ्तारी करने के आदेश दे दिए हैं।

**कई जगहों पर हो रहा जमकर बवाल**

इसके अलावा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, सिलिगुड़ी और मालदा में जमकर बवाल हो रहा है। मुर्शिदाबाद में उपद्रवियों ने हुमायूं कबीर की कार पर लाठी और ईंटों से हमला किया। मुर्शिदाबाद के नौदा में वोटिंग से पहले बुधवार देर रात देसी बम फेंका गया था। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए।

**कूचबिहार में केंद्रीय बलों का एक्शन**

कूचबिहार के तूफानगंज इलाके में मतदान के दौरान भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। स्थिति को नियंत्रण से बाहर होता देख वहां तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (ष्टक्क्न) के जवानों ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज कर और भीड़ को खदेड़कर स्थिति को तितर-बितर किया। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व मतदाताओं को डराने का प्रयास कर रहे थे, जिसके बाद जवानों को बल प्रयोग करना पड़ा।

# भलाई का ऐसा सिला...जिस नौकर ने बेटी को रेप के बाद मार डाला, उसके कर्ज चुकाते थे आईआरएस अफसर

( यंग भारत न्यूज )

दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी के साथ रेप के बाद हत्या मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं.अब इस मामले में एक बेहद हैरान करने वाला पक्ष भी सामने आया है. जिस नौकर ने अधिकारी की हंसती-खेलती दुनिया तबाह कर दी, उसी का कर्ज आईआरएस अधिकारी चुकाया करते थे. दरअसल पुलिस जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है. यह जानकारी भी सामने आई कि क्क्स्ट की तैयारी कर रही आईआरएस की बेटी ने अपने बचाव में पूरी ताकत का इस्तेमाल किया. लेकिन नौकर राहुल मीणा की सनक के सामने वो कमजोर पड़ गई.



**आरोपी राहुल मीणा पुलिस गिरफ्त में**

बुधवार 22 अप्रैल को साउथ ईस्ट दिल्ली के अमर कॉलोनी से सामने आई इस सनसनीखेज मामले का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी राहुल मीणा से देर रात पुलिस ने पूछताछ की. पूछताछ में एक ऐसी बात सामने आई, जिससे लोग कह रहे- सही में भलाई का जमाना नहीं है.

**आरोपी को ऑनलाइन सट्टेबाजी का लत, लोगों से लेता था उधार**

दरअसल आरोपी राहुल मीणा आईआरएस अधिकारी के यहां डेढ़ साल तक घरेलू नौकर के रूप में काम कर चुका था. कुछ दिनों पहले ही उसकी एक गंदी आदत के कारण नौकरी से निकाला गया था. दरअसल जांच में पता चला कि आरोपी को ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत थी, इसके चलते उसने कई लोगों से पैसे उधार ले लिए थे.

**आरोपी की उधारी आईआरएस अधिकारी ने चुकाए थे**

राजस्थान के अलवर जिले में अपने गांव के लोगों से पैसे उधार लिए थे. साथ ही साथ दिल्ली में आईआरएस के पड़ोसियों से भी पैसे उधार लिए थे. कई पड़ोसियों का उधार तो आईआरएस ने चुकाया भी था. अधिकारी ने उसे लोगों से पैसे उधार लेने की आदत के बारे में समझाया भी था, लेकिन फिर भी वो नहीं मानता था. इसी के चलते आईआरएस ने उसे नौकरी से निकाल दिया था. कुछ महीनों पहले तक जब आईआरएस अधिकारी अपने नौकरी राहुल मीणा के उधार लिए पैसे चुका रहे होंगे, तब उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि कुछ दिनों बाद उनका यहीं नौकर उनके परिवार को तबाह कर देगा.

**आरोपी राहुल ने वारदात को कैसे दिया अंजाम**

आरोपी राहुल को मालूम था कि मृतक लड़की के माता और पिता सुबह जिम जाते हैं. राहुल बिल्डिंग से पूरी तरह वाकिफ था कि कहां कहां लॉक है और कैसे लॉक को खोलना है. सुबह राहुल बिल्डिंग में घुसा और सीधा लड़की के स्टडी रुम में गया था, स्टडी रुम अलग से फ्लैट के रूफ पर बनाया हुआ है.लड़की चूंकि क्क्स्ट की तैयारी कर है, लिहाजा माता-पिता ने सुबह-सुबह उठ कर पढ़ाई करने को कहा था. लड़की पढ़ाई कर रही थी, तभी आरोपी अचानक सीधा स्टडी रुम में पहुंचा और लड़की का रेप करने के लिए उसका गला दबाया. उसको काबू में करने की कोशिश की लेकिन लड़की ने विरोध किया. आरोपी ने पास में रखे लैंप और भारी चीज से लड़की पर हमला किया, जिससे लड़की के साथ से खून निकलने लगा लड़की बेहोश हो गई. बेहोशी की हालत में लड़की के साथ आरोपी ने रेप किया. फिर घर से कीमती सामनों का समेटते हुए भाग निकला.

# आईपीएल : गेल ने 37, रसेल ने 47 और क्लासेन ने 52 पारी में ठोक डाले 100 छक्के

नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में हेनरिक क्लासेन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम योगदान दिया। क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। इस बीच लीग में सबसे कम पारियों में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### हेनरिक क्लासेन (52 पारी)

*क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर की 52 पारियों में छक्कों का शतक पूरा किया। क्लासेन ने 1,072 गेंदों में 100 छक्कों का आंकड़ा छुआ, जिससे वह गेंदों के हिसाब से सातवें सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। क्लासेन ने मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने 56 मैचों में 41.86 की औसत और 166.51 के स्ट्राइक रेट से 1,800 रन बनाए हैं।*

### गेल (37 पारी)

*वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 37 पारियों में अपने 100 छक्के पूरे किए थे। वह आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेले थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था। आखिरी बार वह 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। गेल ने 142 मैच की 141 पारियों में 357 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 404 चौके भी निकले थे। इस खिलाड़ी ने 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे।*



### आंद्रे रसेल (47 पारी)

*केकेआर के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल ने 47 पारियों में अपने 100 आईपीएल छक्के पूरे किए थे। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 140 मैच खेले, जिसमें 28.20 की औसत और 174.17 की स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 12 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 88 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 23.27 के औसत से 123 विकेट भी लिए हैं।*

## आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक कुछ बेहतरीन शतक लग चुके हैं। इस सीजन के 31वें मैच में एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 68 गेंदों में 135 रन की बड़ी पारी खेली। उनके शतक की मदद से एसआरएच ने मैच में 47 रन से जीत दर्ज की। इस बीच टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली

विराट कोहली का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में अब तक 13,000 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें कुल 9 शतक शामिल हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने 8 शतकीय पारियां खेली हैं। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बता दें कि कोहली 2007 से टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में कुल 8 शतक लगा चुके हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 12,000 से अधिक रन बना चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 151 पारियों में 4231 रन के साथ किया था। इसके अलावा आईपीएल में उनके बल्ले से 2 शतक और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक शतक निकले हैं।

## खबर संक्षेप

### बार्सिलोना सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है।

### हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी



**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। **सिटी और आर्सेनल के हुए समान अंक :** अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रियानुज और ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने



**देहरादून।** असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। **अंडर-17 में रोमांचक रहा मुकाबला :** वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ऋत्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता।

### मुंबई की आईपीएल में सबसे बड़ी हार

# संजू सैमसन का शतक, सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक और बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन (17 रन देकर चार विकेट, एक मेडन) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 103 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत से सीएसके छह अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से आठवें स्थान पर खिसक गई।

- सैमसन की सीजन की दूसरी सेंचुरी
- अकील हुसैन को 4 विकेट

सैमसन के आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जड़े थे। उनके शतक से सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 207 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस शुरूआती झटकों से नहीं उबर सकी और 19 ओवर में महज 104 रन पर ऑल आउट हो गई।




**चेन्नई-207/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन
विकेट पतन : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181
गेंदबाजी: बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

**मुंबई-104/10 (19)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो मुकेश चौधरी | 07 |
| दानिश का सैमसन बो हुसैन | 00 |
| नमन धीर बो हुसैन | 00 |
| सूर्यकुमार का सरफराज बो हुसैन | 35 |
| तिलक वर्मा बो हुसैन | 37 |
| हार्दिक पांड्या का चौधरी बो नूर | 01 |
| शेरफाने का कंबोज बो नूर | 00 |
| शार्दुल का ब्रेविस बो कंबोज | 06 |
| कृष का गुरजपनीत बो ओवरटन | 07 |
| अश्विनी कुमार नाबाद | 01 |
| बुमराह का सैमसन बो गुरजपनीत | 02 |

अतिरिक्त : 08
कुल योग : 19 ओवर में 104 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-7, 2-7, 3-11, 4-122, 5-85, 6-85, 7-87, 8-100, 9-100
गेंदबाजी: हुसैन 4-0-17-4, मुकेश 4-0-31-1, अंशुल 3-0-10-1, नूर 4-0-23-2, जेमी 2-0-14-1, गुरजपनीत 2-0-7-1

### आरसीबी और गुजरात के बीच भिड़ंत आज

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से होगा। आरसीबी ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबले खेले हैं। 4 मैच में उसे जीत और 2 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी ने भी 6 मैच खेले हैं। तीन मैच में उसे जीत और इतने ही मुकाबलों में उसे हार मिली है। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। यह मैदान अपनी छोटी बाउंड्री के कारण हाई स्कोरिंग मैदान के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यहां स्पिन गेंदबाजों बीच के ओवर के दौरान प्रभावशाली होते हैं।

## आईपीएल इतिहास में भुवनेश्वर 208 व बुमराह 184 धुरंधरों को पहुंचा चुके हैं पैवेलियन




मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 30वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों से हरा दिया। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद बुमराह ने इस संस्करण में अपने विकेटों का खाता खोला और पारी की पहली गेंद पर साई सुदर्शन को आउट कर दिया। इसके साथ ही वह ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल में दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज बन गए।

### भुवनेश्वर - 208 विकेट

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार हैं। उन्होंने इस संस्करण में ही अपने 200 विकेट पूरे किए हैं। भुवनेश्वर ने अब तक 196 मैचों में 26.98 की औसत से 208 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 2 बार 5 और दो बार 4 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। तीन फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके भुवनेश्वर पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।

### बुमराह - 184 विकेट

बुमराह अब आईपीएल इतिहास में तेज गेंदबाजों में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने 151 मैचों में 22.88 के औसत से 184 विकेट लिए हैं। ये सभी विकेट उन्होंने एमआई के लिए खेलते हुए चटकाए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.28 है और उन्होंने 2 बार 5 विकेट लिए हैं। खास बात यह है कि बुमराह के नाम टूर्नामेंट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

### ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट

इस सूची में वेस्टइंडीज और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो तीसरे पायदान पर हैं। वह अपने आईपीएल करियर में 161 मैचों की 158 पारियों में 23.82 की औसत और 8.39 की इकॉनमी से 183 विकेट चटकाने में सफल रहे थे। सीएसके, एमआई और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व कर चुके ब्रावो अपने करियर में 2 बार 4 विकेट हॉल लेने में सफल रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 22 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष जूनियर ट्रैक एवं फील्ड एथलीट

तुमकुर (कर्नाटक)

देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित 1,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

### अगले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालीफिकेशन मानक घोषित किए हैं।



### पहले दिन महिला खिलाड़ियों का भी फैसला

प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा।

## राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज बर्गर पर जुर्माना

**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस 30 वर्षीय खिलाड़ी के खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

बयान के अनुसार, ''राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

## चोट से उबरे मिचेल स्टार्क डीसी के लिए खेलने आ रहे भारत

कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेलने के लिए अनुमति मिल गई है। 36 वर्षीय स्टार्क कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे, अब वे बिना दर्द गेंदबाजी कर रहे हैं। वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़ सकते हैं। चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद यह उनका इस सीजन पहला मुकाबला हो सकता है।

### जनवरी के बाद से नहीं खेला एक भी मैच

स्टार्क ने इस साल जनवरी के अंत के बाद से किसी तरह का क्रिकेट नहीं खेला है। नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच खेली गई एशेज सीरीज में उन्होंने 31 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग में 5 मैच खेले, जहां पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय उनके बाएं कंधे और कोहनी में चोट लग गई थी।



### जल्द आएंगे भारत

चोट से ब्रेक के बाद गेंदबाजी करते समय स्टार्क को थोड़ी तकलीफ महसूस हुई, जिससे आईपीएल में वे अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। आईपीएल की शुरुआत में भारत नहीं आने को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हुई थी, जिस पर स्टार्क ने सोशल मीडिया पर सफाई दी थी। उन्होंने अपनी गैरमौजूदगी पर फैली गलत जानकारी पर निराशा जताई थी। अब सिडनी में एक हफ्ते तक गेंदबाजी करने के बाद वह शुक्रवार को भारत रवाना होंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता

# भारत के निशानेबाजों ने एक दिन में जीते चार मेडल

काहिरा

भारत के युवा निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।

इससे पहले शिवा नरवाल ने गोल्ड, चिराग शर्मा और पनाह भुंगरा ने सिल्वर मेडल जीते थे, जिससे भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। काहिरा में आयोजित इस वर्ल्ड कप में 25 देशों के 284 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने सबसे बड़ा दल (71 खिलाड़ी) भेजा है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। भारत के युवा निशानेबाज लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और जूनियर वर्ल्ड कप में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह प्रदर्शन भविष्य के लिए भारतीय शूटिंग के उज्ज्वल संकेत दे रहा है।

### सीजल कांबले ने जीता सिल्वर

सीजल कांबले ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

### अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इसी स्पर्धा में अंजलि भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।




### कुल पदक संख्या

भारत के खाते में अब तक 1 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल आ चुके हैं।

### पुरुष 25 मीटर पिस्टल में भारत का दबदबा

*पुरुष 25 मीटर पिस्टल इवेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। राज चंद्र ने 580 स्कोर के साथ सिल्वर जीता, जबकि अभिनव देशवाल ने 578 के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। इस इवेंट में टॉप-6 में पांच भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी भारत की मजबूती को दिखाती है।*

## दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में भारत से बनाई अजेय बढ़त

जोहानिसबर्ग

कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।



### हरमन और शेफाली के अर्धशतक बेकार

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।



## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल

बच्चो, तुम सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवादः** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।



**पर्यावरणीय अनुकूलनः** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासाः** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभावः** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना





प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *




**किताब** : मेरी पसंद की बाल कहानियां-गोविंद शर्मा, **संपादन** : डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य** : 250 रुपए, **प्रकाशक** : लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर**: अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन**: लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू**: मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू**: अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू**: म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर**: तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित**: सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर** : 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले** : गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


अमोल, बेमेतरा


तोयशराज, रायपुर


आशना, जांजगीर


माही, महासमुंद


आर्यन, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# अखिलेश यादव कार्यकर्ताओं को सिखाएं अनुशासन व संस्कार : गीता शाक्य

## लखनऊ मेयर के घर सपा कार्यकर्ताओं के हमले पर पलटवार,महिला आरक्षण और विपक्ष पर साधा निशाना

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से ही स्वच्छता अभियान से लेकर नारी सशक्तिकरण तक, केंद्र सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी और डिंपल यादव ने महिलाओं के हितों के खिलाफ काम किया। एक सवाल के जबाब में उन्होंने अखिलेश यादव को कार्यकर्ताओं में संस्कार गढ़ने की सलाह दी। वह झांसी के सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। गीता शाक्य के अनुसार प्रियंका गांधी और डिंपल यादव का कृत्य विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भेदभाव नहीं किया और मुस्लिम महिलाओं के हित में तीन तलाक के खिलाफ कठोर कानून बनाकर उन्हें न्याय दिलाया। सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन बिल को उन्होंने देश की महिलाओं को समर्पित बताया और कहा कि वर्ष 2029 तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। लखनऊ की मेयर के घर पर हुए हमले को लेकर भी गीता शाक्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखना चाहिए। मेयर के घर पर हमला और नेम प्लेट पर चप्पल मारना अस्वीकार्य है और यह राजनीतिक संस्कारों की कमी को दर्शाता है। वहीं झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने भी विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन पार्टियों का इतिहास महिला आरक्षण के विरोध से जुड़ा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पहले भी इस बिल को फाड़ा गया था और समर्थन नहीं दिया गया। कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक बदलाव जरूरी है और देश की मातृशक्ति विपक्ष के रवैये को भूलेगी नहीं। इस अवसर पर उनके साथ सांसद अनुराग शर्मा, एम एल सी रमा निरंजन, गरौठा बिधायक जवाहरलाल राजपूत, जिलाध्यक्ष भाजपा जिला झांसी प्रदीप पटेल, महानगर जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सिंह, महिला मोर्चा की महानगर जिलाध्यक्ष सुमन पुरोहित,पूर्व महापौर किरन वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुड्डी रानी पटेल, मीनू राजावत, ब्लॉक प्रमुख भारती आर्य, यशोदा कुशवाहा, अपर्णा दुबे,शीतल कुशवाहा,आदि तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।




# खेर इंटर कॉलेज के छात्र ने प्रदेश में फहराया परचम

### -एंजिनियरिंग कर देश सेवा करना चाहते हैं सचिन्द

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय खैर इण्टर कॉलिज के इण्टरमीडिएट के छात्र सचिन्द कुमार ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मूल रूप से पलरा के रहने वाले सचिन्द ने बताया कि वह किसान परिवार से है। परिवार के लोगों ने पढ़ाई में उसका पूरा सहयोग किया। किसी भी समस्या को उसकी पढ़ाई के आगे नहीं आने दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी समय-समय पर पढ़ाई में मार्गदर्शन किया, जिसके चलते सफलता मिली। सचिन्द ने कहा कि वह एंजिनयरिंग कर राष्ट्र सेवा करना चाहता है। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,अध्यक्ष देवेश पालीवाल, प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, बृजकिशोर व्यास,सुशील स्वामी,राकेश खरे,प्रवक्ता जितेंद्र सिंह पटेल, आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



# कानाखेड़ा में एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन

( यंग भारत न्यूज )

**पैलानी/बांदा** ।पैलानी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कानाखेड़ा पावर हाउस की सालों से खराब विद्युत मशीनों की वजह से काना खेड़ा फीडर से ग्रामीण बहुत ज्यादा परेशान विद्युत विभाग के जे ई; और एसडीओ ग्रामीणों का नहीं उठाते फोन काना खेड़ा के एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभागीय अधिकारियों से कानाखेड़ा फीडर की जर्जर मशीनों को तुरंत बदलने व फीडर को अलग करने की मांग किया जिससे कि विद्युत आपूर्ति बहाल हो और बेसमय कट की समस्या न हो ।कानाखेड़ा के ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि हमारे यहां का विद्युत फीडर महज शोपीश बनकर रह गया ।पिछले दो सालों से पावर हाउस की मशीन जर्जर हालत में हैं आए दिन खराब हो जाती हैं जिससे हम लोग इस भीषण गर्मी में परेशान रहते हैं ।कई बार विभाग के जे ई और एसडीओ साहब को लिखित में दिया लेकिन आज तक मशीनों को नहीं बदला गया ।अगर बिजली विभाग के अधिकारियों ने जल्द ये काम नहीं कराया तो ग्रामवासी जिलाधिकारी बांदा के यहां धरना प्रदर्शन कर उनको अवगत कराएंगे इस दौरान पंकज यादव ( पूर्व प्रधान) रमेश सिंह गौतम;रामप्रसाद कुशवाहा; हाकिम चौहान; रामनरेश साहू;दीपक कच्छवाह; ज्ञान चौहान; कल्लू चौहान;भूरा साहू; सहित सैकड़ों कानाखेड़ा निवासी मौजूद रहे।



## बांदा में युवक ने खुद को मारी गोली हुई मौत

( यंग भारत न्यूज )

बांदा यूपी
अज्ञात कारणों के चलते युवक ने की आत्महत्या
मात्र 27 वर्ष का था मृतक अनिल यादव
अवैध असलहे से युवक ने मारी गोली
तिंदवारी थाना अंतर्गत बहिंगा गांव का मामला
पुलिस ने असलहा कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा
पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस करेगी आगे की कार्रवाई



# मिट्टी की उर्वरता और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर योगी सरकार तत्पर




- फसल अवशेष न जलाने की प्रदेश सरकार की विशेष अपील
- पराली जलाना अब पड़ेगा भारी, उल्लंघन करने वालों पर लगेगा जुर्माना
- पर्यावरण की रक्षा और किसान की उन्नति ही सरकार की प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदूषण मुक्त उत्तर प्रदेश और समृद्ध किसान के विजन को धरातल पर उतारने के लिए बांदा जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक उन्नति को प्राथमिकता देते हुए उप कृषि निदेशक ने जनपद के किसानों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि पराली जलाना न केवल दंडनीय अपराध है बल्कि यह धरती की सेहत के लिए भी नुकसानदेह है।

### उल्लंघन करने वालों पर हो सकती है कार्रवाई व जुर्माना

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाना राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है। सरकार के अनुसार अब पराली जलाने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर 5000 रुपये, 2 से 5 एकड़ की भूमि पर 10000 रुपये व 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 30000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं जिला प्रशासन ने सभी किसान भाइयों से पुरजोर अपील की है कि वे स्वयं पराली न जलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। यदि कोई भी व्यक्ति इन नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। योगी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ किसान की उन्नति भी हो।

### खेतों में पराली मिलाने से बढ़ेगी सोने जैसी चमक

बांदा के उप कृषि निदेशक डॉ अजय कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेषों और घास-फूस को जलाने के बजाय खेत की हार्वेस्टर से गहरी जुताई कर उन्हें मिट्टी में ही मिला दें। ऐसा करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्वों और जो किसानों के मित्र कीट होते हैं व लाभकारी कृषि मित्र सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ती है। जिससे जमीन की उर्वरता प्राकृतिक रूप से बेहतर होती है। इन्होंने कहा कि इससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि खाद-उर्वरकों पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# पी एम श्री जी आई सी रक्सा के कुंदन राजपूत ने जिले में पाया चौथा स्थान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पी एम श्री राजकीय हाई स्कूल रक्सा के छात्र कुंदन राजपूत ने जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजमोहन सिंह चौहान ने बताया कि उक्त छात्र ने विद्यालय लगातार उपस्थिति दी एवं विद्यालय में नियमित पढ़ाई की,जिससे उसने यह साथ प्राप्त कर जनपद एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



# भारत गौरव श्रमणी आर्यिकारत्न विविक्त श्री माताजी का हुआ नगर आगमन

## जैन श्रद्धालुओं ने पलक पांवड़े बिछाकर की गुरुमाँ की आगवानी

### -जिला अधिवक्ता संघ ने किया पुष्पवर्षा करके स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी:-** महानगर के गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर में गणाचार्य श्री विरागसागरजी महामुनिराज की शिष्या भारत गौरव श्रमणी आर्यिकारत्न विविक्तश्री माताजी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रातः काल की बेला में सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से आगवानी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, झोकनबाग, गोविंद तिराहा, मिनर्वा, रानीमहल, सुभाषगंज होकर गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर पहुंची। जहां पूज्य विविक्तश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झांसी वासियों का यह परम सौभाग्य हैं कि यहां निरंतर साधु संतों का आगमन होता हैं। रत्नत्रय धर्म ही मोक्ष मार्ग का साधन हैं। हम सबको उसकी आराधना करना चाहिए। इस अवसर पर मुनिश्री मेघदत्त सागर जी महाराज एवं मुनिश्री वृषभ सागर जी महाराज ने भी धर्मसभा में प्रवचन दिए।

शोभायात्रा के दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. प्रमोद शिवहरे के नेतृत्व में महामंत्री एड. छोटेलाल वर्मा, एड. प्रभात शर्मा, एड. सौरभ शिवहरे, व्यापारी नेता राजेश पुरोहित ने पुष्पवर्षा करके स्वागत सत्कार किया। जैन श्रद्धालुओं ने पूज्य माताजी के चरणों का पाद प्रक्षालन, मंगल आरती करते हुए पलक पांवड़े बिछाकर भव्य आगवानी की। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष अजित कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ऑडिटर राजकुमार भण्डारी, श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, मुख्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बक्सा, संरक्षक राजीव जैन सिर्स, सुभाष जैन 'सत्यराज', अशोक जैन रत्नसेल्स, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, संयोजक मनोज सिंघई, अलंकार जैन उपाध्यक्ष अंकित सर्राफ, ऑडिटर प्रभात जैन कुंजबिहारी, आशीष जैन माची, सचिन सर्राफ, संयोग भण्डारी, पंचायत वरिष्ठ सदस्य सुभाष जैन बिजली, एवं महिला जैन समाज की अध्यक्षा श्रीमती सरोज जैन, कोषाध्यक्षा सुधा सर्राफ, रजनी जैनको, ममता जैन, पिंकी जैन, नेहा जैन, मनीषा सिंघई, सुलेखा नायक, मेघा जैन, प्रिया जैन, ऊषा जैन सदर, रानी जैन कटरा, सीमा नायक, वंदना चौधरी, संजना सर्राफ ने श्रीफल भेंट करके पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सान्निध्य प्रदान करने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर परम गुरुभक्त संघपति अमन जैन विरागप्रिय, दीपांक सिंघई ,मुनि सेवा संघ से शगुनचन्द्र जैन करगुवां, रवि जैन बिजौली, अशोक जैन नगरा, सुनील जैन गुदरी, अवधेश जैन सोनू, आशीष जैन नगरा एवं गुरु भक्त मिलन से प्रदीप जैन महरौनी, विपिन जैन ओम बिजली, मुकेश जैन होजरी, गुरु सेवा संघ से संरक्षक मनोज जैन अछरौनी, अध्यक्ष श्रेयांश जैन बघेरा, महामंत्री रवि जैन कंधारी, कुलदीप जैन, नवीन जैन पड़रा, राहुल जैन चाय, सुनील जैन दाऊ, विवेक जैन भगतजी, दिव्यांश जैन,आग्रह जैन, शुभम जैन,अंकुर जैन, विनय चौधरी ने मुनिसंघ के पाद प्रक्षालन किए। देवेन्द्र जैन मगरपुर, अनिल जैन बाजा, रवि जैन कोरियर, अमित प्रधान, रश्मि जैन चैनू ने शास्त्र भेंट किया। इस अवसर पर साधर्मी सम्मान समारोह में हुकुमचंद जैन दुमदुमा, मनोज नायक, राजेन्द्र जैन रज्जू अछरौनी, सुरेन्द्र सर्राफ, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रवीण जैन गुदरी, प्रमोद जैन बब्बा, राजेन्द्र जैन मुनीम सहित अनेकों श्रावक श्राविकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत महामंत्री वरुण जैन एवं पंचकल्याणक महोत्सव समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैन जैनको ने व्यक्त किया।



# जिले में टॉपर रहे कल्याण बाल विद्या मंदिर के छात्रों का किया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुरसराय में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 जिला में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र गौरव यादव ने जिले में तृतीय प्राप्त किया, मोनू वर्मा ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त तथा अनुभव व्यास ने जिले में दसवां स्थान प्राप्त प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया ।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंध समिति एवं विद्यालय परिवार ने उक्त छात्रों को सम्मानित किया। जिसमें प्रबंध समिति अध्यक्ष के मुकुंद पालीवाल,उपाध्यक्ष गोपाल भाई पालीवाल ,ओम प्रकाश शर्मा राम प्रकाश अर्जरिया तथा प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश दुबे ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर हरी बाबू शर्मा ,प्रमोद सिंह, सरोज अर्जरिया ,हरिकांत नायक, मेघा कुचबार, श्यामसुंदर रिछारिया, बलवंत सिंह, पवित्र मिश्रा, अक्षय कुमारी, सोनाली विश्वकर्मा, चंद्रभान नायक, सुरेश कुचबार, प्रकाश कुशवाहा,सुमन, चंदा ,सुनीता ,अजय आदि उपस्थित रहे।

# झांसी में मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी भक्तों ने 82 यूनिट रक्तदान किया

## करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव - मानव एकता दिवस

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** ।शुक्रवार को सी पी मिशन कंपाउंड निरंकारी सत्संग भवन में मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में सत्संग समाप्ति के बाद एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से 2:00 बजे तक चलाया गया जिसमें ब्रांच झांसी के संचालक अनिल कुमार जी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस रक्तदान शिविर में माननीय सदर विधायक श्री रवि शर्मा जी रक्त दान शिवर में उपस्थित रहे। जिसमें निरंकारी सेवादल एवं श्रद्धालु भक्तों द्वारा 82 यूनिट रक्तदान उत्साह पूर्वक किया गया। जिसमे डॉ एस .के गुप्ता जिला चिकित्सालय और, डॉ विकास गोयल, डॉ एम.एल आर्य महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। यह जानकारी ब्रांच झांसी के संयोजक श्री तरसेम कुमार जी द्वारा दी गई जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ 'मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा' का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। इसी क्रम में 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया; जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे; जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं' का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग ब नाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718